卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं, य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 140 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦28 फरवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## हिमांचल में सरकार पर संकट

### वीरभद्र सिंह के बेटे ने छोड़ा मंत्री पद, सदन में जबरदस्त हंगामा,15 भाजपा विधायक संस्पेंड



शिमला (उद संवाददाता)। हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा के नतीजों के बाद शुरू हुआ बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। पार्टी के छह विधायकों ने क्रांस वोटिंग करके भाजपा प्रत्याशी को वोट दिया था। जिसके बाद अब कांग्रेस सरकार में शामिल वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। जिसके बाद यहां कांग्रेस सरकार पर संकट मंडराने लगा है। जिसके चलते कांग्रेस की ओर से सरकार बचाने के लिए डैमेज कंट्रोल किया जा रहा है। इसको लेकर कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार और हरियाणा के पूर्व सीएम बीएस हुड्डा को पर्यवेक्षक बनाकर हिमाचल भेजा गया है। यहां सियासी तापमान इतना हाई है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की कुर्सी भी हिलती नजर आ रही है। बताया जाता है कि केंद्रीय पर्यवेक्षकों के सामने सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने इस्तीफे की पेशकश की है। हिमाचल कांग्रेस में उठापठक का दौर इस तरह चलेगा, इसकी कल्पना किसी ने नहीं की थी। राज्य सभा चुनाव में कांग्रेस के छह विधायकों की बगावत के बाद सियासी घमासान चरम पर पहुंच गया है। वहीं विधानसभा में आज हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। कांग्रेस विधायक दल में बगावत के बाद विधानसभा के भीतर विपक्षी दल भाजपा ने बुधवार को जबरदस्त हंगामा (शेष पृष्ठ सात पर)

## खिलाड़ियों को सरकारी सेवाओं में चार प्रतिशत आरक्षण देगी धामी सरकार

### विधानसभा में पेश हुआ विधेयक



देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश सरकार ने राज्य के अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में पदक विजेताओं व हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों के लिए सरकारी सेवाओं में रोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इस कड़ी में सरकार ने बुधवार को विधानसभा में उत्तराखंड लोक सेवा (कुशल खिलाडियों के लिए क्षैतिज आरक्षण) विधेयक 2024 प्रस्तुत किया। इस विधेयक में स्पष्ट किया गया है कि लोक सेवाओं के दायरे में सरकारी विभाग, सहकारी समिति, बोर्ड या निगम, सरकार के नियंत्रण वाले कानूनी निकाय, सरकार के नियंत्रण वाले शिक्षण संस्था और विश्वविद्यालयों को लिया गया है। कुशल खिलाड़ी ऐसे नागरिक को माना जाएगा, जिसका मूल अधिवास उत्तराखंड में है, परंतु अन्य उसने अन्य कहीं का कोई स्थायी अधिवास प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किया है। ऐसे खिलाड़ी, जिनका मूल अधिवास उत्तराखंड में नहीं है, लेकिन वर्ष 2001 या उस समय (शेष पृष्ठ 7 पर)

## शिक्षक और रिश्तेदार छात्र के साथ किया कुकर्म,गिरफ्तार

सितारगंज(उद संवाददाता)। क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालय में अध्यनरत 13 वर्षीय छात्र के साथ शिक्षक ने कुकर्म किया। इसके बाद मौका लगते ही छात्र के रिश्तेदार ने भी पीड़ित का शारीरिक उत्पीड़न किया। परिजनों की शिकायत पर ने मामले में मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी 13 वर्षीय छात्र प्रतिष्ठित विद्यालय में कक्षा दसवीं में अध्यनरत है। वरिष्ठ उप निरीक्षक हरविंदर कुमार ने बताया कि विद्यालय में तैनात शिक्षक लवी कुमार ने छात्र के साथ कुकर्म किया। घटना करीब 6 माह पुरानी है। इसके बाद छात्र के रिश्तेदार ने भी पुलिस के साथ कुकर्म की घटना को अंजाम दिया। बालक के साथ घटी करतूत की जानकारी जब परिजनों को लगी तब उन्होंने पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने छात्र का मेडिकल परीक्षण करने के बाद लवी कुमार और पीड़ित के करीबी रिश्तेदार के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद छात्र और उसके परिजन सहमे हुए हैं।

## चिकित्सक से ऑन लाइन दो लाख की धोखाधड़ी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा खुद को फर्जी कोरियर के कस्टूमर केयर बताकर एक चिकित्सक से ऑन लाइन दो लाख रुपए की धोखाधड़ी कर ली गई। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में चिकित्सक का कहना है कि वह वर्तमान में असिसटेन्ट प्रोफेसर राजकीय सोबन सिंह जीना मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा में कार्यरत है तथा रुद्रपुर में रहता है। 20 नवंबर 2023 को उसके द्वारा गूगल पर ब्लू डर्ट कोरियर के कस्टूमर केयर का नम्बर सर्च किया गया। जिस नंबर पर कॉल की गयी तो उसके द्वारा अपने आपको ब्लू डर्ट कोरियर के कस्टूमर केयर कर्मचारी बताया गया। उससे कहा गया कि उसका कोरियर अभी तक नहीं आया है तो उसने कोरियर ट्रैकिंग आईडी मांगी और कहा कि आपका कोरियर वापस हो गया जिससे आपके पास भेजने के लिये आपके नम्बर एक लिंक सेन्ड कर रहा हूं। उसे ओपन करके अपनी डिटेल भरिये। जब लिंक को ऑपन करके अपनी डिटेल फीड की गयी तो उसके बाद उनके पास मोबाइल से ओटीपी आने शुरू हो गये। वह ओटीपी उस व्यक्ति को शेयर नहीं किये गये। 23 नवंबर 2023 को उनके मोबाइल पर फिर यूपीआई आधार के ओटीपी आने लगे जो उन्होंने शेयर नहीं किये। उसके बाद 28 नवंबर 2023 को उनके मोबाइल पर कॉल आया। जिसके द्वारा खुद को दिल्ली स्थित रोहिणी थाने से सब इंस्पेक्टर बात कर रहा हूं बताया। उसने कहा आपके खाते से कल सुबह रकम निकली है जिसके खाते में रकम ट्रांसफर हुई है उसमें एक लड़की (शेष पृष्ठ सात पर)

### स्टडी वीजा के नाम पर 1 .80 लाख ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्टडी वीजा दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति के निकट सम्बंधी ने ही 1.80 लाख रुपए की ठगी कर ली। सुच्चा सिंह पुत्र शेर सिंह प्रताप मार्केट रूदपुर का कहना है कि वह अपनी पुत्री को उच्च शिक्षा हेतु कनाडा भेजने का इच्छुक था। जिसके चलते उसकी मुलाकात पटियाला, पंजाब निवासी अपने निकट संबधी से हुई। जो लोगों को विदेश भेजने का कार्य करता है। साथ ही उसका उसके घर आना–जाना है। सुच्चा सिंह का कहना है कि 16 नवंबर 2021 को उक्त व्यक्ति अपनी माता व पत्नी के (शेष पृष्ठ सात पर)

## किशोरी को भगा ले गया युवक

रूद्रपुर। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में एक युवक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। बताया जाता है कि किशोरी के परिजन मूलरूप से उत्तर प्रदेश के निवासी हैं और यह ट्रांजिट कैंप में परिवार के साथ किरायेदार के रूप में रहकर मजदूरी कर परिवार का भरण करते हैं। किशोरी का पिता बीमार है और उसकी माता सिडकुल पंतनगर में मेहनत मजदूरी कर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण कर रही है। परिजनों का कहना है कि कल 27 फरवरी को दोपहर उनकी नाबालिग पुत्री को ट्रांजिट कैम्प निवासी एक युवक अपने साथ बहला फुसलाकर ले गया है।

## नशे के इंजेक्शनों की खेप सहित दो दबोचे

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दरऊ चौकी इंचार्ज ने चेकिंग के दौरान दरऊ के पास यूपी बॉर्डर पर नशे के इंजेक्शनों की खेप बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से तस्करी में प्रयोग की जा रही एक वैगन आर को कब्जे में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात्रि चौकी इंचार्ज दीवान सिंह बिष्ट के नेतृत्व में सिपाही उमेश गिरी और कुलदीप सिंह ने दरऊ के पास बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान यूपी से आ रही एक वेगनार संख्या यूके 04 टीवी 5286 को हाथ देकर रोकना चाहा तो वैगन आर चालक गाड़ी को तेजी से चलाने लगा। इस पर चेकिंग कर रहे पुलिस कर्मचारियों द्वारा जबरन वेगनआर को रोका गया । तलाशी के दौरान कार से 121 नशे के इंजेक्शन बरामद हुए जो की हल्द्वानी स्थित वनभुलरा में बेचने के लिए ले जाये जा रहे थे। गिरफ्तार लोगों ने अपना नाम शहजाद ओर साकिब निवासी वनभुलपुरा हल्द्वानी बताया। गिरफ्तार किए गए लोगों ने बताया कि वह पिछले काफी समय से नशे के इंजेक्शन बेचने का कार्य करते हैं तथा यह इंजेक्शन भी वनभुलपुरा में बेचने जा रहे थे ।गिरफ्तार लोगों से बरामद इंजेक्शनों पर कोतवाली परिवार प्रभारी सुंदरम शर्मा ने कहा है कि नशे के खिलाफ (शेष पृष्ठ सात पर)

### चाकुओं के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

काशीपुर। आपराधिक वारदात को अंजाम देने की नियत से चहल कदमी कर रहे दो बदमाशों को पुलिस ने शक के आधार पर दबोचकर तलाशी में दोनों के कब्जे से एक–एक चाकू बरामद किया। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार बदमाशों का पुलिस द्वारा शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने नागनाथ मंदिर तिराहे के पास संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए दो शातिर बदमाशों को शक के आधार पर दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में दोनों ने अपना (शेष पृष्ठ सात पर)

## मकान का ताला तोड़कर हजारों की नगदी चोरी

काशीपुर(उद संवाददाता)। शहर में चोरी की घटनाएं थम नहीं रही है। पुलिस के तमाम दावों के बावजूद चोर पुलिस को लगातार चुनौती दे रहे हैं। चोरों ने एक बार फिर पुलिस को चुनौती दी है। कोतवाली थाना क्षेत्र के गिरीताल पॉश इलाके में एक मकान पर धावा बोलकर अज्ञात चोरों ने कुंडी चटकाते हुए 80 हजार रूपयों की नगदी तथा चांदी के सिक्कों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर गिरीताल रोड हैवेल्स शोरूम के सामने निवासी राजीव कुमार अग्रवाल पुत्र ब्रह्म प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि बीते दिवस जब उनका परिवार घर में मौजूद नहीं था इसी दौरान घात लगाए अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर कमरे का सामान अस्त–व्यस्त करते हुए अलमारी में रखी 80 हजार रूपयों की नगदी तथा चांदी के सिक्कों को समेट लिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने सूचना के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसी टीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर चोरों का पता लगाना शुरू कर दिया।

## नगर निगम के खिलाफ किया प्रदर्शन



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम फाजलपुर महरौला की आनंद विहार कालोनी के तमाम लोगों ने निगम कार्यालय में प्रदर्शन कर नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। रोषित लोगों का कहना है कि कालोनी के गंदे पानी की निकासी के लिए कोई व्यवस्था नहीं किये जाने से नालियों का गंदा पानी खुला सड़कों व घरों के आगे बहता रहता है। जिससे कालोनी में संक्रामक रोग फैलने का भय बना रहता हैं। उन्होंने कहा कि कालोनी में लगभग 150 घर होने के बावजूद भी गंदे पानी निकलने का कोई स्थान नहीं है। जिस कारण लोगों में गंदे पानी को लेकर आपस में झगड़ा होता रहता है। ज्ञापन में कालोनी वासियों ने गंदे पानी की निकासी के लिए नाली बनवाने का आग्रह किया गया है। प्रदर्शन में नरेश कुमार सैनी, सुनील सिंह, रूप किशोर, लेखराज, रीता पाण्डेय, देवकी, मोनिका सिंह, प्रीति सिंह, नीमा पाण्डे, भावना जोशी, सरिता सिंह, चित्रा देवी, गीता नेगी, सविता देवी, प्रेमा देवी, जसवंत शर्मा, गंगा शर्मा, रामेश्वरी, जगदेवी, कमला, प्रिया, मदन, अजय, काजल, रमेश चन्द्र, लक्ष्मी दत्त, अनीता देवी, रमाशंकर, मुन्नी देवी, रूबी, गंगा शर्मा, हेमा भट्ट, प्रकाश भट्ट, रंजीत सिंह, भवानी देवी, मंजू आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।

## चोरी के माल सहित दो चोर दबोचे



रामनगर(उद संवाददाता)। दो दिन पूर्व अज्ञात चोरों द्वारा परिजनों की गैर मौजूदगी में एक घर में घुसकर नगदी और आभूषण चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से चोरी के सोने चांदी के आभूषण और नगदी भी बरामद की गयी है। जानकारी देते हुए कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि फराह सैफी निवासी ग्राम पूछडी ने तहरीर देकर बताया था कि चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखें सोने और चांदी के आभूषण के साथ ही हजारों रुपए की नगदी चोरी कर ली। घटना में शामिल दो अज्ञात चोर घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए थे। पुलिस ने पुलिस महिला की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए सीसीटीवी कैमरे की मदद से अज्ञात चोरों की तलाश शुरू की। इस मामले में घटना के खुलासे को लगी पुलिस टीम ने अमन उर्फ मुन्ना तथा जुबेर निवासीगण गूलरघटटी नई बस्ती को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए हुए सोने चांदी के आभूषण व नगदी बरामद कर ली है। कोतवाल ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है।

# भाजपा के संभावित उम्मीदवारों को लेकर चर्चाओं का दौर तेज

## कल दिल्ली में केंद्रीय संसदीय बोर्ड की बैठक में पांचों सीटों पर दावेदरों के नामों पर होगा मंथन




देहरादून। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तराखंड में सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। वहीं सत्तारूढ़ भाजपा नेतृत्व ने उत्तराखंड की सभी सीटों पर पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट बनाकर हाईकामान को भेज दिये है। बताया जा रहा है कि इस बार जहां कई नये चेहरों ने भी ताल ठोकी है तो वहीं पुराने दिग्गजों की लगातार दावेदारी से सियासी समीकरण रोचक हो सकते है। अब पार्टी अब जल्द नामों के पैनल पर मंथन कर उम्मीदवारों का ऐलान करने की तैयारी में जुट गई है। प्रदेश की पांच लोकसभा सीटों के लिए भाजपा के 55 नेताओं ने खम ठोकी है। चुनाव संचालन समिति की बैठक में इन नामों का पैनल तैयार कर केंद्रीय नेतृत्व को भेजने का निर्णय हुआ। इनमें धामी सरकार के कुछ मंत्री, पार्टी के विधायक, पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद शामिल हैं। पार्टी मुख्यालय में हुई चुनाव संचालन समिति की बैठक में उन सभी नामों पर विचार हुआ जो प्रदेश नेतृत्व को प्राप्त हुए और पर्यवेक्षकों ने सौंपे। सूत्रों के मुताबिक 29 फरवरी को केंद्रीय संसदीय बोर्ड की बैठक है, जिसमें उत्तराखंड की पांच में से दो सीटों पर प्रत्याशी घोषित हो सकते हैं। बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा, चुनाव संचालन समिति में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम के साथ प्रदेश चुनाव समिति के सदस्यों, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा लोकसभा चुनाव प्रत्याशियों के नामों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान सभी लोकसभा सीटों पर संभावित उम्मीदवारों को लेकर भेजे गए पार्टी पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जिसमें स्थानीय कार्यकर्ताओं की राय, सामाजिक संतुलन और रणनीतिक दृष्टि से विचार विमर्श कर केंद्र को भेजे जाने वाले नामों को फाइनल किया गया। उन्होंने कहा कि लोकसभा सीटों के लिए न्यूनतम पांच और अधिकतम नौ नामों के पैनल को अंतिम रूप दिया गया। इस तरह राज्य की पांचों सीटों पर कुल 55 नामों को पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को भेजा जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शीघ्र ही पार्टी की केंद्रीय पार्लियामेंट्री बोर्ड इन नामों पर विचार कर लोकसभा उम्मीदवारों की घोषणा करेगा बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट, राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष राज्यसभा सांसद, नरेश बंसल राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी, पूर्व सीएम डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, त्रिवेंद्र सिंह रावत, तीरथ सिंह रावत, महारानी माला राज्यलक्ष्मी शाह, अजय टम्टा, कल्पना सैनी, कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, सतपाल महाराज, प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार समेत कई सदस्य शामिल हुए।

## उत्तराखंड में भाजपा से पांच लोस सीटों पर 55 दावेदारों ने ठोकी ताल

देहरादून। उत्तराखंड में लगातार दो बार लोकसभा सभा के चुनाव में पांचों सीटों पर जीत हासिल करने वाले भाजपा के दिग्गजों ने एक बार फिर तीसरी बार चुनावी रण में उतरने के लिए ताल ठोक दी है। बताया जा रहा है कि लोकसभा की सीटों पर प्रमुख दावेदारों के अनुसार **पौड़ी गढ़वाल लोस सीट पर** मौजूदा सांसद तीरथ सिंह रावत के अलावा अनिल बलूनी, पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत, विस अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, डॉ. धन सिंह रावत, दीप्ति रावत, आशा नौटियाल, अजेंद्र अजय के नाम प्रमुख हैं। **टिहरी लोस सीट:** इस सीट पर महारानी राज्य लक्ष्मी शाह, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, पार्टी विधायक मुन्ना सिंह चौहान, पार्टी के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, ज्योति प्रसाद गैरौला, कुलदीप कुमार, नेहा जोशी, ऋषिराज डबराल, कुंवर जपेंद्र,लाखी राम जोशी, मनवीर चौहान, रविंद्र जुगरान के नाम शामिल हैं। **हरिद्वार लोस सीट:** सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के अलावा त्रिवेंद्र सिंह रावत, मदन कौशिक, स्वामी यतीश्वरानंद, संजय गुप्ता, श्यामवीर सिंह सौनी, किरण, यतींद्रानंद गिरी समेत कई और नाम शामिल हैं। **नैनीताल-ऊधम सिंह नगर लोस सीट:** सांसद अजय भट्ट, अरविंद पांडेय, बलराज पासी, राजेश शुक्ला, राजेंद्र बिष्ट, दीप कोश्यारी, दान सिंह रावत समेत कुछ और नाम शामिल हैं। **पिथौरागढ़-अल्मोड़ा:** सांसद अजय टम्टा, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य, गोपाल राम टम्टा, मीना गंगोला, फकीर राम, समीर आर्य, सज्जन लाल टम्टा के नाम चर्चाओं में शामिल है।

## आयुष्कामीय स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे सैकड़ों रोगी






रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग द्वारा गांधी पार्क में आयोजित तीन दिवसीय आयुष्कामीय स्वास्थ्य शिविर के दूसरे दिन चिकित्सकों द्वारा शिविर में आये रोगियों के विभिन्न रोगों की जांच कर उन्हें रोगों के उपचार के लिए महत्वपूर्ण परामर्श दिया गया। रोगियों को नि:शुल्क दवायें भी वितरित की गई। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. आलोक कुमार शुक्ला ने उपस्थित लोगों को आयुर्वेद चिकित्सा की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा रोग निवारण में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। जिसका लाभ सभी को उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिविर में आने वाले सभी रोगियों को बेहतर चिकित्सा के साथ ही रोग निवारण के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उचित परामर्श दिया जा रहा है। ताकि रोगियों को इसका पूरा लाभ मिल सके। डा. आलोक ने बताया कि प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक प्रतिदिन आयोजित होने वाले शिविर में मर्म चिकित्सा, आयुर्वेद व न्यूरोथेरेपी, होम्योपैथिक चिकित्सा, आयुर्वेद चिकित्सा, थार सूत्र चिकित्सा, जलोका चिकित्सा, अग्नि कर्म चिकित्सा, नाड़ी व प्रकृति परीक्षण, सहित अन्य आयुर्वेद चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से शिविर में आये रोगियों को उनके रोगों के बेहतर उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों राष्ट्रीय आयुष मिशन के जिला नोडल अधिकारी डा. मानवेन्द्र सिंह, डा. विरेन्द्र रौतेला, जिला आयुष्कामीय एवं यूनानी अधिकारी डा. सुधीर सोनी, डा. राकेश कुमार, डा. संदीप कुमार, डा. प्रतिभा सती, डा. सुरेन्द्र पपनेजा, डा. भावना टम्टा आदि द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त शिविर में रोगियों की शूगर, होम्योग्लोबिन व रक्तचाप आदि की नि:शुल्क जांच की जा रही है। वहीं योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया जा रहा है। इस दौरान विभाग के श्रीमती आरती गौड़, दीपक पंवार, मशरूफ अहमद, शीनम ठुकराल, तरूण बर्थवाल, मनु, सूरज, कविता, डिम्पी आदि ने शिविर संचालन में सहयोग कियां। कल 29 फरवरी शिविर का अंतिम दिन है।

## कोसी नदी के किनारे बाघिन का शव बरामद

रामनगर। रामनगर वन प्रभाग के अंतर्गत कोसी रेंज के रिंगौड़ा बीट क्षेत्र में नदी किनारे बाघिन का शव मिलने से अधिकारियों में हड़कंप मच गया। बाघिन के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद नष्ट कर दिया गया। रामनगर वन प्रभाग के कोसी रेंज के रिंगौड़ा बीट वनकर्मी मंगलवार को गश्त पर थे। इस बीच कोसी नदी के किनारे पेड़ के पास एक बाघिन का शव पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना वनाधि



कारियों को दी गई। सूचना पर रामनगर वन प्रभाग के डीएफओ दिगांथ नायक, एसडीओ पूरम कैंथोला, रेंजर शेखर तिवाड़ी मौके पर पहुंचे। डीएफओ ने बताया कि बाघिन की उम्र 8 से 10 वर्ष है। उम्रदराज होने के चलते वह शिकार करने में भी असमर्थ थी। उसके नाखून और दांत घिस चुके हैं। बाघिन के सभी अंग सुरक्षित हैं। दो पशु चिकित्सकों की देखरेख में पोस्टमार्टम कराकर बाघिन का शव नष्ट कर दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

## पिता पुत्र पर गेहूं की फसल को जीप चलाकर खराब करने का आरोप

सितारगंज(उद संवाददाता)। ग्राम तिगरी में पिता-पुत्र पर गेहूं की फसल को जीप चलाकर खराब करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। हरिकृष्ण सिंह पुत्र करन सिंह निवासी वार्ड 11 पैरपुरा ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि वर्ष 2016 में उन्होंने कृषि भूमि तिगरी में खरीदी थी। जिसकी दाखिल भी हो गयी। जिसमें हरि कृष्ण परिवार खेती कर रहा है। हरिकृण के अनुसार 24 फरवरी को वह सितारगंज से बाहर गया था। इस दौरान पिता-पुत्र ने उसकी फसल को जीप से रोंदकर खराब कर दिया। वापस लौटने पर खेत में फसल खराब देखी। जिसमें फसल को भारी नुकसान हुआ है। आरोप लगाया है कि एक सप्ताह पूर्व फोन पर फसल रोंदने, फसल काटने की धमकी दी है। हरिकृष्ण ने आरोप लगाया कि जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर खेत में आने पर जान से मारने की धमकी दी है। आरोप लगाया है कि रिवाल्वर से जान से मारने की धमकी देते हैं। कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने सरकड़ा चौकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह बिष्ट को जांच व कार्यवाही के लिए आदेश दिये हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर पीड़ित परिवार के बयान दर्ज किये हैं।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का कार्य बहिष्कार जारी

सितारगंज(उद संवाददाता)। पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का कार्य बहिष्कार जारी है। आंदोलित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सरकार पर उनकी मांगों को अनदेखा करने का आरोप लगाया। गत 19 फरवरी से आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का 18 हजार मानदेय किए जाने एवं वरिष्ठता के आधार पर 15 वर्ष पूरे होने पर प्रतिवर्ष सबका मानदेय बढ़ाए जाने, रिटायरमेंट होने पर दो लाख रूपए देने का प्रावधान, इंटरमीडिएट उत्तीर्ण को 50 वर्ष पूरे होने पर, उनके मानदेय में वृद्धि करने, गोल्डन कार्ड जारी करने एवं मिनी आंगनवाड़ी का उच्चीकरण करने का शासनादेश जारी करने की मांग को लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों में तालाबंदी कर कार्य बहिष्कार पर हैं। आंदोलित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का कहना है कि, सरकार समय-समय पर उनसे हर सरकारी कार्यों को करवाती रहती है, और वह सभी भी पूरे निष्ठा के साथ उन्हें सौंपे गए कार्य को पूर्ण करती हैं, परंतु सरकार उनकी मांगों को तवज्जो नहीं दे रही है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रीयो ने दो टूक कहा कि जब तक मुख्यमंत्री उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लेते, तब तक उनका कार्य बहिष्कार जारी रहेगा।

## ट्रेन में महिला के गले का हार और कान के बुंदे छीनकर भागे उचक्के

हल्द्वानी। मदद का झांसा देकर उचक्के महिला के गहनों का डब्बा लेकर चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गए। महिला ने जीआरपी थाना काठगोदाम में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सदर बाजार रानीखेत निवासी दीपक गर्ग ने जीआरपी थाना पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 26 फरवरी को वह पत्नी संगीता संग गोरखपुर रेलवे स्टेशन से बाघ एक्सप्रेस में सवार हुए थे। ट्रेन लालकुआं स्टेशन पहुंची। यहां से ट्रेन हल्द्वानी की ओर चलने लगी तो पत्नी संगीता ने अपना सामान गेट के पास रखना शुरू कर दिया। कहा कि वह बीमार थे। इस कारण सामान उठाने में अक्षम थे। इस पर ट्रेन में लालकुआं स्टेशन से चढ़े पांच लोगों से पत्नी ने सामान उठाने में मदद मांगी। शातिरों ने सात नग बोगी के गेट पर रखवा दिए। इसी बीच एक शातिर ने बातों में उलझाया और दूसरे ने बैग में रखा गले का हार और कान के बुंदे पार कर दिए। ट्रेन को लालकुआं स्टेशन से चले हुए मात्र छह मिनट हुए होंगे तो चोर लालकुआं-हल्दूचौड़ के बीच जंगल में ज्वैलरी का डब्बा लेकर कूदकर फरार हो गए। उधर जीआरपी ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## काशीपुर-धामपुर के बीच रेल लाइन के सर्वे को मंजूरी मिलने पर जताया आभार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने केंद्र सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा काशीपुर-धामपुर के बीच 58 किलोमीटर रेल लाइन के सर्वे को मंजूरी दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी का आभार जताया है। केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने कहा कि रेल मंत्रालय द्वारा काशीपुर से धामपुर के बीच 58 किलोमीटर रेल लाइन के सर्वे को मंजूरी प्रदान की गई है। श्री भट्ट ने कहा कि इस रेल लाइन के मंजूरी और निर्माण से कुमाऊं और गढ़वाल क्षेत्र में यात्रियों को आवागमन में बेहद सुविधा होगी। पर्यटकों को भी इस रेल योजना का लाभ मिलेगा। श्री भट्ट ने रेल लाइन के सर्वे को मंजूरी प्रदान करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी का आभार जताया है।

## उत्कृष्ट कार्यों के लिए दविंदर सिंह सम्मानित

सितारगंज(उद संवाददाता)। समाज सेवा के उत्कृष्ट कार्यों के लिए श्री गुरु तेग बहादुर वेलफेयर ट्रस्ट के संयोजक सरदार दविंदर सिंह को गुरुद्वारा सिंह सभा सितारगंज की ओर से सम्मानित किया गया। श्री गुरु तेग बहादुर वेलफेयर ट्रस्ट ने विगत वर्षों में विभिन्न मेडिकल कैंप नि:शुल्क भोजन फूड वैन, रक्तदान शिविर, गरीब कन्याओं का विवाह, गरीब बच्चों की पढ़ाई का खर्च निशु:ल्क आंखों और दातों के ऑपरेशन गरीबों को वस्त्र वितरण आदि अनेकों सामाजिक कार्य किए हैं। ट्रस्ट के संयोजक सरदार दविंदर सिंह इन दिनों इस विशेष कार्य के लिए न्यूयॉर्क अमेरिका से आए हुए हैं। मंगलवार को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सितारगंज ने सम्मानित किया। दविदर सिंह ने गुरुद्वारा परिसर में बन रही संगत सराय में भी विशेष योगदान दिया है। इस अवसर पर प्रधान दलबीर सिंह बल, सचिव गुरप्रीत सिंह देयोल, कोषाध्यक्ष सुखबीर सिंह बेदी, सुप्रीत सिंह बॉबी भाटिया, गुरदेव सिंह, मक्खन सिंह, गुरतेज सिंह पन्नू, अंशु अरोरा, कुलविंदर सिंह, राजा मक्कड़, हरजीत सिंह, ऋषि धन्जू, लकी अरोड़ा, हरजीत सिंह, कुलदीप सिंह, अटल मौजूद रहे।

## डीएम व अतिक्रमणकारी को हाईकोर्ट से अवमानना नोटिस

नैनीताल। हाईकोर्ट ने बागेश्वर की जिलाधिकारी समेत अतिक्रमणकारी विक्रम सिंह को अवमानना नोटिस जारी किया है। वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका दायर में कहा गया कि बागेश्वर में लोनिवि की भूमि पर अतिक्रमण कर एक विशाल भवन (मॉल) बनाया जा रहा है। 26 अगस्त 2023 को प्रशासन ने इसे सील कर न्यायालय को इस संबंध में जानकारी दी थी। तब न्यायालय ने अतिक्रमणकारी को वैधानिक रेमेडी अपनाने के लिए कहा था। न्यायालय ने विवादित भवन के सील रहने तक उसमें निर्माण कार्य पर रोक लगा दी थी। याचिकाकर्ता बागेश्वर निवासी कवि जोशी के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि न्यायालय के पूर्व आदेश के क्रम में यहां फिर से निर्माण शुरू हो गया है। इसके बाद कोर्ट ने बागेश्वर की जिलाधिकारी और अतिक्रमणकारी विक्रम सिंह को अवमानना नोटिस जारी किया है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# रामपाल और सीपी शर्मा के बीच विवाद का हुआ पटाक्षेप

## शिलापट को दूसरी जगह लगाया जायेगा

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह और महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा के बीच हुई मारपीट के मामले का सभ्रांत लोगों की मध्यस्थता में पटाक्षेप हो गया। बैठक में दोनों पक्षों ने गिले शिकवे दूर कर तहरीर वापस लेने पर सहमति जताई। बता दें बीते दिनों शिलापट शिफ्ट करने को लेकर पूर्व मेयर रामपाल सिंह और महानगर कांग्रेस अध्यक्ष के बीच विवाद हो गया था। मामला मारपीट तक पहुंच गया। मारपीट का वीडियो भी वायरल हुआ था। मारपीट में सीपी शर्मा और रामपाल सिंह को चोटें आई थी। जिसके बाद दोनों ने अस्पताल पहुंचकर अपना ईलाज कराया था। मामले में दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को तहरीर सौंपी गयी थी। कांग्रेसियों ने मामले में हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसएसपी कार्यालय में धरना प्रदर्शन भी किया था। हाईप्रोफाईल मामले में मुकदमा दर्ज होने से पहले समझौते के प्रयास शुरू हो गये थे। समाजसेवी जेबी सिंह, भाजपा नेता सुरेश परिहार सहित कुछ अन्य सभ्रांत लोगों के प्रयास से मंगलवार को दोनों पक्षों की बैठक हुई। पहले पूर्व मेयर रामपाल के निवास पर बैठक हुई उसके बाद सीपी शर्मा के निवास पर दोनों पक्षों की वार्ता हुई। सभ्रांत लोगों की मध्यस्थता में दोनों पक्ष समझौत के लिए राजी हो गये और दोनों पक्षों ने तहरीर वापस लेने पर सहमति जताई। बैठक में तय हुआ कि शिलापट को पुरानी जगह से शिफ्ट कर गेट के पास ही सड़क के दूसरी ओर लगाया जायेगा। साथ ही विधायक निधि से नये गेट का निर्माण किया जायेगा।

# एसडीएम ने दिए मतदाताओं को जागरूकता करने के निर्देश

सितारगंज (उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बढ़ चढ़कर मतदान करने के लिए एसडीएम ने जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों और ग्रामीण अंचलों में शपथ और प्रत्येक घर की कुंडी खटखटाकर जागरूकता अभियान को और अधिक तेज करने पर जोर दिया। बुधवार को रविंद्र सिंह ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा की। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों और लेखपाल बीएलओ को चुनाव से संबंधित प्रारूप के अनुसार कार्य करने की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने संवेदनशील, अति संवेदनशील बूथों की भी जानकारी ली। यहां व्यापक स्तर पर मतदान जागरूक अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मतदाताओं से वार्ता करने भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार चुनाव में किन-किन चीजों, व्यवस्थाओं का ध्यान रखना है इन से संबंधित बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र में बढ़ चढ़कर मतदान किया जाए इसके लिए नए मतदाताओं को विद्यालय, कॉलेज में शपथ ग्रहण के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।



क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले)
लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# स्कूल को फायर कंट्रोल सिस्टम सिलेंडर भेंट किया



रूद्रपु( उद संवाददाता)। आग से सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान के तहत विश्व एनजीओ दिवस पर सरस्वती शिशु मन्दिर, पंतनगर को भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ द्वारा फायर कंट्रोल सिस्टम सिलेंडर भेट किया। इस अवसर पर जिला सह-संयोजक उदय वार्ष्णेय ने कहा कि सभी को अग्निशमन यंत्र चलाने का अभ्यास होना चाहिए । इससे कभी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। इस अवसर पर डॉ विश्वनाथ, प्रधानाचार्य तुलसी प्रसाद भट्ट एवम विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

# पेंचक सिलाट के विजेताओं को किया सम्मानित

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। महाराष्ट्र में चल रही प्रथम ऑल इंडिया पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में न्यू लाइट स्कूल के खिलाड़ियों द्वारा ब्रांच मेडल जीतकर नानकमत्ता साहिब पहुंचकर गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेका, इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सचिव हरभजन सिंह मैनेजर सुखवंत सिंह भुल्लर, हरजीत सिंह, विधायक गोपाल सिंह राणा, खटीमा ब्लाक प्रमुख रंजीत सिह नामधारी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना, बलविंदर सिंह खिंडा जीगुरमीत सिंह खिंडा,अरविंद राणा ,किशन सिंह राणा , गुरमेज सिंह , जसवंत कौर, राजदीप कौर, हनी सिंह एवं मार्केट के समस्त व्यापारियों द्वारा अलग-अलग जगह पर फूल माला डालकर स्वागत किया व स्कूल प्रबंधक मलूक सिंह खिंडा,प्रधानाचार्य बलजीत कौर, प्रशिक्षक किशन सिंह चौहान, व न्यू लाइट स्टाफ भूपेंद्र कौर,नवनीत कौर, मनिंदर कौर,अर्चना राणा, कृतिका अरोड़ा, बलजिंदर सिंह, जसपाल सिंह, ने फूल माला पहनकर अनुष्का राणा हरमनदीप कौर गुरप्रीत कौर का स्वागत किया।



# घर के बाहर खड़ी स्कूटी पर चोरों ने किया हाथ साफ

काशीपुर( उद संवाददाता)। घर के बाहर खड़ी स्कूटी पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की प्राथमिक की दर्ज कर ली। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर बंदरों वाला मंदिर के पास मोहल्ला खत्रियान निवासी राजेश टंडन पुत्र जागेश्वर नाथ ने बताया कि बीते 24 फरवरी की शाम लगभग 7:30 बजे घर के बाहर खड़ी उसकी स्कूटी संख्या यूके 18 ई/7939 अज्ञात चोरों द्वारा उड़ा दी गई। पुलिस में तहरीर के आधार पर मामले की प्राथमिक की दर्ज कर चोरों का पता लगाना शुरू कर दिया।

# पशुपालन विभाग ने शुरू किया वृहद टीकाकरण अभियान

रामनगर( उद संवाददाता) ।मंगलवार को रामनगर में पशुपालन विभाग द्वारा ग्राम पूछडी में उक्त कार्यक्रम के तहत पशुओं में होने वाली खुर पका और मुंह पका ओर लिंफीस्कीन बीमारी की रोकथाम को लेकर वृहद टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि जगमोहन सिंह बिष्ट, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर डीसी जोशी एवं वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ



राजीव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डीसी जोशी ने बताया कि नैनीताल जनपद में 2 लाख पशुओं का खुर पका व मुंह पका तथा 1 लाख 60 हजार गोवंशीय पशुओं में लिंफीस्कीन डिजीज का टीकाकरण करने का लक्ष्य रखा गया है उन्होंने बताया कि इस अभियान में 28 पशु चिकित्सा अधिकारी एवं 82 पशुधन प्रसार अधिकारियों को लगाया गया है तथा यह टीमें घर-घर जाकर पशुओं का टीकाकरण करेंगी उन्होंने सभी पशुपालकों से इस टीकाकरण अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने के साथ ही सभी से सहयोग की अपील की है।

# लुकास टीवीएस मजदूर संघ की हड़ताल व धरना जारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लुकास टीवीएस मजदूर संघ पन्तनगर का 90 वां दिन धरना व अनिश्चितकालीन हड़ताल गांधी पार्क में आज भी जारी है। अध्यक्ष मनोहर सिंह मनराल ने बताया कि उप श्रमायुक्त के समक्ष 24 फरवरी को हुई त्रिपक्षीय वार्ता में उप श्रमायुक्त द्वारा कम्पनी प्रबन्धन को 3 दिन का समय श्रमिक समस्याओं का निस्तारण करने के लिए दिया गया था। लेकिन कम्पनी प्रबन्धन ने उपश्रमायुक्त के निर्देशों की अवहेलना की। कम्पनी प्रबन्धन द्वारा श्रम



कानूनों खुला उलंघन करना जारी है। वह न श्रम कानूनों का पालन कर रहा है और न ही प्रशासन के निर्देशों का पालन कर रहा है। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन द्वारा शीघ्र कम्पनी प्रबन्धन की तानाशाही पर अंकुश नहीं लगाया तो स्थित खराब होने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी कम्पनी प्रबन्धन की होगी। आंदोलन को दीपेन्द्र भट्ट जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ, सतेन्द्र सिंह, रमेश गिरी गोस्वामी व बृजेश असगोला डेना इण्डिया श्रमिक संघ ने समर्थन दिया।

# संकल्प भारत यात्रा का स्वागत

बागेश्वर( उद संवाददाता)। प्रदेश सरकार द्वारा निकाली जा रही संकल्प भारत यात्रा मंगलवार को नगर क्षेत्र में पहुंच चुकी है। मंगलवार को नगर पालिका परिसर में संकल्प भारत यात्रा का रथ यात्रा पहुंची।भाजपा जिलाध्यक्ष के विभिन्न चलाई जा रही योजनाओं को जनता को बताया और जानकारी दी वहा मौजूद महिलाओं ने कहा कि उनको मोदी सरकार की कई योजनाओं का लाभ मिला है और मिल रहा है उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा, प्रधानमंत्री



इंद्र सिंह फर्स्वाण समेत विधायक प्रतिनिधि गौरव दास सहितभाजपा जिला महामंत्री संजय परिहार,नगर अध्यक्ष रमेश तिवारी, दयाल कांडपाल, सहित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने वहां पहुंचकर मोदी सरकार की योजनाओं कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, जैसे कई योजनाओं का लाभ उनको मिला है। इस दौरान कई नागरिक उपस्थित थे।

# कुमाऊं में आधी से अधिक बीएड की सीटें खाली

हल्द्वानी। कुमाऊं में युवाओं का बीएड को लेकर रुझान कम होने लगा है। हाल ये है कि कुमाऊं विवि को बीएड पाठ्यक्रम में छात्र नहीं मिल रहे हैं। इसका मुख्य कारण बीएड के बाद टीईटी की अनिवार्यता और शिक्षक पदों पर रोजगार कम होना माना जा रहा है। ऐसे में युवा वर्ग अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में फोकस कर रहे हैं। अल्मोड़ा परिसर के विवि बनने के बाद कुमाऊं विवि से संबद्ध बीएड कॉलेजों की संख्या करीब 40 रह गई हैं, जिसमें 3900 सीटें हैं। विवि की ओर से इन सीटों के लिए तीसरी काउंसलिंग जारी की गई। बावजूद विवि को विद्यार्थी नहीं मिल रहें हैं। एक समय था जब बीएड पाठ्यक्रम के लिए कुमाऊं विवि में छात्र-छात्राओं को काफी जद्दोजहद करनी पड़ती थी। लेकिन अब वरीयता सूची में नाम आने के बावजूद विद्यार्थी प्रवेश नहीं ले रहे हैं। 3900 सीट के सापेक्ष विवि को दूसरी काउंसलिंग के बाद मात्र 1691 अभ्यर्थी मिले जिसके बाद विवि ने तीसरी काउंसलिंग के बाद महाविद्यालय और संस्थान का आवंटन किया। कुमाऊं विवि ने बीएड पाठ्यक्रम-2023 में प्रवेश के लिए तृतीय चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग में वरीयता के आधार पर विद्यार्थियों को महाविद्यालय व संस्थान का आवंटन किया है। अभ्यर्थी ॣनदपदपजंस.ब.पद से आवंटन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। विवि के अनुसार 27 फरवरी तक आवंटित महाविद्यालय और संस्थान में प्रवेश ले सकते हैं।

# लोकसभा चुनाव के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु जनसामान्य की सुविधा के दृष्टिगत आपदा प्रबन्धन कार्यालय में निर्वाचन से सम्बन्धित जनपद स्तरीय सहायता, शिकायत निगरानी नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेंटर स्थापित किया गया है, जिसमें दूरभाष नम्बर संयोजित किये गए है जो कि 24◦7 सक्रिय रहेगें। उन्होने बताया कि निर्वाचन हैल्पलाईन नम्बर 1950 टोल फ्री के साथ हन्टिग लाईन, 05944-250222, 250481, 250500, 250501, 250502 पर निर्वाचन से सम्बन्धित सहायता, शिकायत, निगरानी एवं मतदान पहचान पत्र से सम्बन्धित कॉल की जा सकती है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# समावेशी,संतुलित और विकासोन्मुखी है बजट:धामी

## धामी सरकार के बजट में किया गरीबों,युवावों,अन्नदाताओं और नारीशक्ति के कल्याण का संकल्प







देहरादून। उत्तराखंड में धामी सरकार ने विधाानसभा में पेश बजट को 'ज्ञान' पर आधारित यानी गरीब, युवा, अन्नदाता और नारिशक्ति के लिए कल्याणकारी बताया है। उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान 24 वर्ष में पहली बार प्रदेश सरकार ने आज वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वित्त और संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने भोजनावकाश से पहले 12.30 बजे विधानसभा के पटल पर बजट रखा। वित्त और संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने गरीब,युवा,अन्नदाता और नारीशक्ति पर अधारित 89230.07 हजार करोड़ का बजट पेश किया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को उत्तराखण्ड विधानसभा में प्रस्तुत बजट को समग्र, समावेशी, संतुलित और विकासोन्मुखी बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने विकसित भारत के चार स्तंभ, गरीब, युवा, महिला और किसान बताए हैं। आज प्रस्तुत बजट इन्हीं को समर्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने वर्ष 2024-25 के लिए 89,230 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया। जो पिछले वर्ष से 15.27 प्रतिशत अधिक है।औद्योगिक विकास और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए हमारी सरकार ने 30 से अधिक नीतियां बनाई हैं और इसके सकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की आर्थिक विकास की दर वर्ष 2022-23 में 7.63 प्रतिशत रही है। जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-24 में भी लगभग यही दर अनुमानित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी प्रति व्यक्ति आय में 12 प्रतिशत वृद्धि हुई है। वर्ष 2023-24 में प्रति व्यक्ति आय 2 लाख 60 हजार 201 रुपए रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग द्वारा जारी बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार प्रदेश के 9 लाख 17 हजार 299 लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों के कल्याण के लिए बजट में 5658 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसमें गरीबों के आवास के लिए 93 करोड़, खाद्यान्न आपूर्ति में 600 करोड़ और निशुल्क गैस रिफिल में 55 करोड़ रुपए की राशि शामिल है। उन्होंने कहा कि युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा और उच्च शिक्षा में कुल 1679 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसमें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए 250 करोड़ रुपए भी शामिल है। मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेधावी बालिका प्रोत्साहन योजना के लिए भी बजट में प्रावधान किया गया है। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने पर भी ध्यान दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान भाइयों के लिए बजट राशि को बढ़ाया गया है। वर्ष 2024-25 में कुल 2415 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। इसमें दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना, मिशन एप्पल, किसान पेंशन, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना पर विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जेंडर बजट में लगभग 14,538 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। नंदा गौरा, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना, गंगा गाय महिला डेयरी विकास योजना आदि में प्रावधान किए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश सरकार ने 77,407.08 करोड़ रुपये का बजट पेश किया था, जिसमें 52,747 करोड़ राजस्व व्यय और 24,659.37 पूंजीगत व्यय का प्रावधान रखा गया था। अनुपूरक बजट को शामिल करते हुए बजट का आकार 88,571.94 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था।बजट में ई-विधान सभा एप्लीकेशन कार्यक्रम के लिए 31 करोड़ का प्रावधान किया गया है। मेगा प्रोजेक्ट योजना के लिए 850 करोड़। जमरानी बांध परियोजना के लिए 2024-25 में लगभग 710 करोड़ का प्रावधान। सौंग परियोजना के लिए 300.00 करोड़। लखवाड़ परियोजना के लिए 250.00 करोड़ रुपये। प्रदेश में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए 250 करोड़ यूनिटी मॉल/प्लाजा निर्माणके लिए 157 करोड़। प्रशासकीय व आवासीय भवनों की रूफ टॉप सोलर योजना कें लिए 100.00 करोड़। राजस्व अभिलेखों को पूर्णतः डिजिटाइजेशन किया जाएगा, जिस हेतु नई मांग से 50 करोड़। स्क्रैप पॉलिसी के तहत वाहन क्रय हेतु रू0 50 करोड़। टाटा टेक्नॉलाजी मॉडल के अनुसार आईटीआई के उन्नयन के लिए 40 करोड़। खाद्य सुरक्षा योजना के लिए प्राथमिक व अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को सस्ती दरों पर नमक उपलब्ध कराने के लिए 34.00 करोड़। खनन सर्विलांश के लिए 25 करोड़। प्रत्येक जनपद में चिल्ड्रन ट्रैफिक पार्क का निर्माण हेतु नई मांग में 10 करोड़। बंजर भूमि में सामूहिक कृषि के लिए सात करोड़। प्रत्येक जनपद में थीम बेस्ड विज्ञान एवं नवाचार केन्द्र हेतु 10 करोड़। राज्य में शहरी यातायात को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अर्बन मोबिलिटी कार्यक्रम हेतु नई मांग के माध्यम से 10 करोड़। थर्मल प्रोजेक्ट हेतु टीएचडीसी एवं यूजेवीएन संयुक्त उपक्रम हेतु रुपये पांच करोड़। परिवहन विभाग के अन्तर्गत ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए 10 करोड़ का प्रावधान। **धामी सरकार के बजट में विकास के संकल्पः** सरकार का काम विकल्प रहित संकल्प है। यूसीसी पेश करने वाली देश की पहली विधानसभा उत्तराखंड है। सभी जिलों में हवाई संपर्क को मजबूत किया जाएगा। असुरक्षित पुलों से छुटकारा दिलाया जाएगा। सरकारी विद्यालयों में आवश्यक फर्नीचर की उपलब्धि होगी। स्वरोजगार केंद्रों की स्थापना सभी जिलों में होगी।जनपद मुख्यालयों में ऑडिटोरियम और संस्कृति केंद्रों की स्थापना होगी। सभी जिला मुख्यालयों में स्टेडियम बनेंगे। प्रदेश से बाहर छात्रों को शैक्षिक भ्रमण कराया जाएगा। ड्रग्स फ्री उत्तराखंड के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। नशा मुक्ति केंद्रों का संचालन। **किस विभाग को क्या मिला:** निशुल्क गैस रिफिल 1,83,419 अंत्योदय कार्ड धारकों को साल में तीन सिलेंडर के लिए 54 करोड़ रुपये। पीएम आवास योजना ग्रमीण को 390 करोड़। आंदोलकारियों के कल्याण व कॉर्पस फंड को 44 करोड़। खाद्यान्न योजना को 20 करोड़। आंदोलकारियों के कल्याण व कोर्प्स फंड को 44 करोड़। पीएम आवास योजना ग्रमीण को 390 करोड़। विभिन्न विभागों की योजनाओं में सब्सिडी के लिए 679 करोड़ 34 लाख। अल्पसंख्यकों की मुख्यमंत्री हुनर योजना के लिए 5.20 करोड़। खेलः उदीयमान खिलाड़ी को छात्रवृत्ति के तहत 10 करोड़। राष्ट्रीय खेलों के लिए 250 करोड़ रुपये। प्रशिक्षण शिविर को पांच करोड़ रुपये। खेलो इंडिया के लिए दो करोड़ रुपये। पिथौरागढ़ स्पोर्ट्स कॉलेज भवन को दो करोड़ रुपये। **नारी शक्ति महिला कल्याण के लिए:** वित्तीय वर्ष 2024-25 में जेंडर बजट में लगभग 14538 करोड़ पांच लाख का प्रावधान। नारी शक्ति और महिला कल्याण के लिए 574 करोड़ का प्रावधान। नंदा गौरा योजना के लिए 195.00 करोड़। मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना के लिए 30.00 करोड़। मुख्यमंत्री बाल पोषण योजना के लिए 28 करोड़। मुख्यमंत्री महिला पोषण योजना में 15 करोड़। गंगा गाय महिला डेरी विकास योजना के लिए पांच करोड़। मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के के लिए लगभग 21 करोड़। **बजट में खेल और युवाओं के लिए खासः** युवा कल्याण एवं खेलकूद में 2024-25 के लिए कुल प्रावधान 534 करोड़ तकनीकी शिक्षा में 2024-25 के लिए कुल प्रावधान- 321 करोड़। उच्च शिक्षा में 2024-25 हेतु कुल प्रावधान- 824 करोड़। डिग्री कॉलेज सरकारी में शैक्षिक गुणवत्ता को 10 करोड़। एनईपी के तहत चल रही अनुसन्धान योजना को 2 करोड़। आरटीई के तहत 94 हजार से ज्यादा बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जा रही।। खटीमा में निशुल्क कोचिंग सेंटर। सरकारी विद्यालयों में आईसीटी लैब। विज्ञान के केंद्र चंपावत को तीन करोड़। उदीयमान खिलाड़ी को छात्रवृत्ति के तहत 10 करोड़। राष्ट्रीय खेलों के लिए 250 करोड़। राज्य व राष्ट्रीय युवा महोत्सव को 10 करोड़। प्रशिक्षण शिविर को 5 करोड़। खेलो इंडिया के लिए दो करोड़। पिथौरागढ़ स्पोर्ट्स कॉलेज भवन को दो करोड़।

# शातिर अपराधियों पर कसेगा शिकंजा : गैंगस्टर एक्ट संशोधन विधेयक विधानसभा में किया पेश

## यूपी से कठोर होगा उत्तराखंड का सरकारी संपत्ति क्षति वसूली कानून

देहरादून। उत्तराखंड लोक तथा निजी संपत्ति क्षति वसूली विधेयक उत्तर प्रदेश में लागू कानून से कठोर होगा। इसके लिए गृह विभाग में मंथन लगभग पूरा हो चुका है। बताया जा रहा है कि इसमें उत्तर प्रदेश के कानून से अलग कुछ बड़े बदलाव किए गए हैं। इस विधेयक बृहस्पतिवार को विधानसभा में पेश किया जाएगा। इस कानून के प्रदेश में लागू होने के बाद प्रदर्शन, दंगा आदि गतिविधियों के वक्त संपत्तियों को होने वाले नुकसान की भरपाई आसान हो जाएगी। उत्तर प्रदेश गिरोहबंद और समाज विरोधी क्रियाकलाप (गैंगस्टर एक्ट) संशोधन विधेयक 2024 मंगलवार को विधानसभा में पेश किया गया। इस विधेयक में कुछ स्पेशल एक्ट और जोड़े गए हैं जिनसे आदतन शातिर अपराधियों पर शिकंजा कसा जा सकेगा। इसमें नए नकल कानून, आईटी एक्ट, बड्स एक्ट, चिट फंड एक्ट आदि को शामिल किया गया है। यानी अब ऐसे अपराधी जिनके खिलाफ इन अपराधों में मुकदमे दर्ज हैं उन पर भी गैंगस्टर लगाया जा सकेगा। बता दें कि उत्तर प्रदेश और हरियाणा जैसे प्रदेशों में इस तरह के कानून पहले से लागू हैं। जबकि, उत्तराखंड में सरकारी संपत्तियों को नुकसान होने पर लोक संपत्ति विरुपण कानून ही अस्तित्व में है। लेकिन, इससे दंगाइयों और तोड़फोड़ करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा सकती है। ऐसे में पिछले दिनों बनभूलपुरा में हुई घटना के बाद सरकार ने प्रदेश में भी एक सशक्त कानून को लागू करने की योजना बनाई थी। इसके लिए जिम्मेदार विभागों ने उत्तर प्रदेश व अन्य प्रदेशों में लागू कानूनों का अध्ययन किया है। गृह विभाग ने भी मंगलवार को इस पर मंथन पूरा कर लिया। बताया जा रहा है कि इस कानून में कुछ नियम कायदे उत्तर प्रदेश में लागू कानून से भी कठोर होंगे। बता दें कि दंगा या प्रदर्शन आदि के वक्त संपत्ति की भरपाई के लिए विभाग या व्यक्ति विशेष को तीन माह के भीतर दावा पेश करना होगा। यह दावा सेवानिवृत्त जिला जज की अध्यक्षता बनने वाले विभिन्न दावा अभिकरणों में किया जा सकेगा। आरोप तय होने पर संबंधित व्यक्ति को क्षतिग्रस्त संपत्ति की भरपाई एक माह के भीतर करनी होगी। इसमें मृत्यु और अंग भंग होने जैसी स्थितियां भी शामिल की जाएंगी। इस विधेयक को अब बृहस्पतिवार को विधानसभा में पेश किया जाएगा।

# बजट के बाद सदन में पेश हुए पांच विधेयक,तेरह बिल बन गये कानून

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा में मंगलवार को पहले बजट पेश किया गया। इसके बाद सदन में उत्तराखंड निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक सहित पांच विधेयक पेश हुए, जबकि राजभवन से मंजूरी के बाद 13 विधेयक कानून बन गए हैं। सदन में उत्तराखंड बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण (संशोधन) विधेयक, उत्तराखंड लोक सेवा (कुशल खिलाड़ियों के लिए क्षैतिज आरक्षण) विधेयक, उत्तराखंड पंचायतीराज (संशोधन) विधेयक एवं उत्तराखंड (उत्तर प्रदेश गिरोहबंद और समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 (संशोधन) विधेयक पेश किया गया। उत्तराखंड विनियोग विधेयक, उत्तराखंड विनियोग अधिनियम (निरसन) विधेयक, उत्तराखंड (उत्तर प्रदेश जमीदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम (संशोधन) विधेयक, उत्तराखंड शहीद आश्रित अनुदान (संशोधन) विधेयक, उत्तराखंड माल और सेवाकर (संशोधन) विधेयक, उत्तराखंड संयुक्त (प्रांतीय रक्षक दल अधिनियम) 1984 संशोधन विधेयक, उत्तराखंड सड़क संरचना सुरक्षा (संशोधन) विधेयक, उत्तराखंड (उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि अधिनियम 1974 (संशोधन) विधेयक, वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक, उत्तराखंड निवेश और आधारित (संरचना विकास और विनियमन) विधेयक 2023, उत्तराखंड निरसन विधेयक, आम्रपाली विश्वविद्यालय विधेयक 2021 एवं उत्तराखंड निजी विश्व विद्यालय विधेयक 2023 राजभवन से मंजूरी के बाद कानून बन गए हैं।





# एक मार्च को पारित होगा बजट

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा सत्र के तीसरे दिन आज सदन पटल पर चार विधेयक रखे जाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण की अध्यक्षता में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में 28 फरवरी से एक मार्च तक सदन संचालित करने का एजेंडा तय किया गया। इसके अलावा राज्यपाल अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया जाएगा। मंगलवार को विधानसभा में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक हुई। जिसमें तय किया गया कि 29 फरवरी को विभाग वार बजट पर चर्चा की जाएगी। एक मार्च 2024 को बजट पारित किया जाएगा। बैठक में संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सदस्य खजान दास व उमेश शर्मा मौजूद रहे। जबकि बैठक में विपक्ष से नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह, बसपा विधायक मोहम्मद शहजाद शामिल नहीं हुए।

# राष्ट्रीय जु-जित्सू प्रतियोगिता में जनपद के खिलाड़ियों ने जीते 22 पदक






रुद्रपुर(उद संवाददाता)। खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया साईं द्वारा मान्यता प्राप्त जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान एवं जुजित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सौजन्य से 23 से 25 फरवरी 2024 तक मल्टीपरपस हाल, परेड ग्राउंड, देहरादून, उत्तराखंड में आयोजित हुई अंडर 21, एडल्ट्स, मास्टर्स व पैरा नेशनल जु-जित्सू चैम्पियनशिप में उत्तराखंड राज्य के जु-जित्सू खिलाड़ियों ने सर्वाधिक 28 स्वर्ण पदक, 16 रजत पदक एवं 10 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल चैम्पियनशिप में सातवीं बार चौम्पियन बनकर राज्य का नाम गौरवान्वित किया। मध्य प्रदेश दूसरे एवं उत्तर प्रदेश तीसरे स्थान पर रहे। जानकारी देते हुए जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि यह प्रतियोगिता जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रेंशी विनय कुमार जोशी, महासचिव सिहान अमित अरोरा के दिशा निर्देशन में आयोजित हुई। जिसमें सम्पूर्ण भारत से 25 राज्यों के लगभग 1100 खिलाड़ियों व 100 से भी ज्यादा रैफरी व ऑफिशियल्स ने प्रतिभाग किया। ओर आगे उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में उत्तराखंड राज्य की टीम में लगभग 70 खिलाड़ी शामिल हुए। जिसमें जनपद ऊधम सिंह नगर के 18 खिलाड़ियों ने जु-जित्सू मार्शल आर्ट्स खेल के विभिन्न इवेंट्स ने वाजा, जु-जित्सू फाइटिंग, कांटेक्ट, डूओ शो एंड क्लासिक की विभिन्न आयु वर्गों में प्रतिभाग करते हुए 6 स्वर्ण पदक, 6 रजत पदक, 10 कांस्य पदक सहित कुल 22 पदक जीते। जिसमें जय प्रकाश ने दो स्वर्ण, व हर्षिता सिंह, कंचन बसेरा, शिवानी, कौशल्या ने एक-एक स्वर्ण पदक, लोरी ने दो रजत पदक, प्रिया विश्वास, आकृति कौर, हैप्पी सिंह, कंचन बसेरा ने एक एक रजत पदक तथा कताक्षा कौर और अभिषेक राजपूत ने दो दो कांस्य पदक, रेनू शर्मा, बलविंदर सिंह, क्षितिज सिंह, मनीष अरोरा, प्रिया विश्वास, हैप्पी सिंह ने एक एक कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता के दौरान विजेता खिलाड़ियों की हौंसला अफजाई करते हुए पुरस्कार वितरण समारोह मुख्य अतिथि व भारतीय ओलंपिक संघ की संयुक्त सचिव डॉ. अलकनंदा अशोक, विशिष्ट अतिथि ध्रुव रौतेला सहित अनेकों अतिथियों द्वारा पदक पहनाकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अलकनंदा अशोक ने चैंपियनशिप में सर्वाधिक पदक जीतकर उत्तराखण्ड को देश में लगातार नंबर वन पर बने रहने की बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राज्य में इसी वर्ष होने जा रहे 38 वें राष्ट्रीय खेलों में निश्चित ही जु-जित्सु को शामिल किया जाएगा ताकि प्रदेश के जूजित्सु खिलाड़ी राज्य का मान बढ़ा सकें। उन्होंने 19 वें एशियन गेम्स चीन में शामिल हुए राज्य के खिलाड़ियों कमल सिंह एवं नव्या पांडेय को भी सम्मानित किया। ओर आगे महासचिव भारती ने कहा कि खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जल्द ही जिला जु-जित्सू एसोसिएशन द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन कर खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, डीएसओ उधम सिंह नगर गिरीश कुमार, वरुण भेलवाल, रसिका सिद्दीकी, देवेंद्र रावत, जॉनी हिराम तिग्गा, शोभा तिग्गा, केनाथ लाल, विनोद लखेरा, शंकर सिंह बसेरा, सुखदेव सिंह, राजीव राणा, विजय गिरधर, सतनाम चावला, ऐजे बटसर, साधना बटसर, रघु रावत, वसीम खान, यतेंद्र कुमार, अभिषेक राजपूत, नरेंद्र सिंह, शेखर सक्सेना, अपूर्व मनोहर सिंह, जगविंदर सिंह, अजय शर्मा, कमल सिंह, सहित अनेकों अभिभावक गण एवं खेल प्रेमी लोगों ने बधाई दी।

# नगर आयुक्त का स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम कुछ निवर्तमान पार्षद एवं पूर्व पार्षदों ने नगर निगम के नव नियुक्त नगर आयुक्त विशाल मिश्रा से मुलाकात की और उनका स्वागत किया। इस दौरान निवर्तमान पार्षद रईस अहमद उर्फ गुड्डू. मनोज जोशी. मनोज मठपाल ने अपने अपने वार्ड की अनेक समस्याएं नगर आयुक्त के सामने रखी। उन्होंने



स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की। पूर्व पार्षद शकील अहमद सलमानी ने कहा वार्ड 32 में अनेक स्थानों की स्टील लाइट खराब पड़ी है। वार्ड की कई जगह पुलिया व नालियां टूटी है। जिससे लोगों आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सलमानी में नगर आयुक्त से अनुरोध किया कि खराब स्ट्रीट लाइटों को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए। वार्ड की अनेक टूटी पुलियों व नालियों का निर्माण किया जाए। ताकि आम जनता को राहत मिल सके। इस अवसर पर मोहम्मद गुफरान. नवीन पांडे. तौफीक अहमद, मधुकर श्रोत्रिय सहित अनेक लोगों ने नव नियुक्त आयुक्त का स्वागत किया।

# 31 मार्च से पूर्व जल जीवन मिशन के कार्य पूर्ण करें: डीएम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी 31 मार्च को जल जीवन मिशन योजना समाप्त हो रही है। इसलिए जल जीवन मिशन के कार्यो को त्वरित गति से करते हुये पूर्ण करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन योजना समाप्त हो रही है व 31 मार्च से पूर्व जल जीवन मिशन के सभी कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें, लम्बित कार्यो हेतु सम्बन्धित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जायेगी। उन्होने कहा कि निर्माणाधीन योजनाओ में ट्यूबेल बोरिंग, पम्प हाउस निर्माण व पेयजल लाईन कार्यो में मेनपॉवर बढ़ाकर एक साथ कराने के निर्देश दिये ताकि सभी कार्य समयावधि में पूर्ण किये जा सकें। उन्होंने कहा कि जो कार्य पूर्ण हो चुके है उन्हे समय से सम्बन्धित विभाग को




हस्तान्तरण करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि अमृत योजना फेज-1 व 2 में स्वीकृत काशीपुर एवं रूद्रपुर में एसटीपी सीवर लाईन व पेयजल योजनाओं को भी शीघ्र पूर्ण कराकर हस्तान्तरित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यदायि संस्था को आगामी 30 मार्च दोनों नगरों की पेयजल योजनाए पूर्ण कर जल संस्थान को हस्तगत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्यो में किसी प्रकार की ढीलाई बरतने पर कार्यवाही भी अमल में लाई जायेगी। उन्होंने कहा कि स्वजल-2 योजना के अन्तर्गत जनपद के 6 पेयजल योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है उनमे शीघ्र पेयजल सुचारू करने के निर्देश दिये ताकि जनता को सुचारू पेयजल उपलब्ध हो सकें। अधीक्षण अभियन्ता पेयजल निगम मृदुला सिंह ने बताया कि जल जीवन मिशन के स्टेज प्रथम के सभी कार्य पूर्ण होने के साथ ही स्टेज द्वितीय के 85 प्रतिशत योजना पूर्ण हो चुकी है, शेष कार्य प्रगति पर है। जिसपर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि निर्माणाधीन ट्यूबेल बोरिंग, पम्प हाउस निर्माण व पेयजल लाईन कार्यो में मेनपॉवर बढ़ाकर एक साथ कराकर पूर्ण करने के निर्देश दिये।बैठक में नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, परियोजना निदेशक अजय सिंह, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, नोडल अधिकारी /अधीक्षण अभियन्ता जल निगम मृदुला सिंह, अधीक्षण अभियन्ता प्रणम पुरोहित, सुधीर कुमार, अधिशासी अभियन्ता सुनील जोशी, विनित कुमार, ज्योति पालनी, जल संस्थान तरूण शर्मा, विशाल कुमार, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत एससी त्रिपाठी सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद थे।

# श्री गुरुनानक डिग्री कॉलेज में बीएड भवन का उद्घाटन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रीत विहार स्थित श्री गुरूनानक डिग्री कॉलेज के नवनिर्मित बी०एड० भवन का उद्घाटन सुखमनी साहिब के पाठ के साथ हुआ। तत्पश्चात् गुरु के लंगर का आयोजन किया गया। नवनिर्मित भवन का उद्घाटन शिक्षा समिति के अध्यक्ष स० दिलराज सिंह द्वारा फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर शिक्षा समिति के प्रबन्धक स० गुरमीत सिंह एवं सदस्यगण, श्री गुरूनानक डिग्री कॉलेज प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष स० वीरपाल सिंह , प्रबंधक स०मनजीत सिंह , कोषाध्यक्ष स० किरनदीप सिंह विर्क, स० हरी सिंह, स० भूपेन्द्र सिंह एवं सदस्यगण, श्री गुरूनानक बालिका इण्टरमीडिएट कॉलेज के अध्यक्ष स०



सुरमुख सिंह, श्री गुरूनानक डिग्री कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ० अखिलेश सिंह, विभागाध्यक्ष (बीएड) डॉ० नीरज कुमार जायसवाल, सहायक प्रवक्ता श्रीमती असमीत कौर सेठी, श्रीमती प्रिया गुप्ता, डॉ० नाजिया बानो, डॉ० परविन्दर कौर, डॉ० रूपाली सक्सेना, गौरव मिश्रा, संजय कुमार, आनन्द राम, संदीप त्रिपाठी, डॉ० फरजीन बानो, डॉ० मीनाक्षी रावत, कुमारी शीतल, श्रीमती एकता, अखिलेश खरे, स० परमजीत सिंह, अनुज हालदार, कुमारी कविता, राधेश्याम, दुर्गेश, परमानन्द, राजकुमार, श्रीमती कल्पना एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

# सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 30 आदर्श कॉलोनी स्थित श्री अनंत प्रेम आश्रम में नगर निगम द्वारा नवनिर्मित सामुदायिक भवन का निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह एवं आश्रम की पूजनीय निष्ठानंद बाई जी ने पूजा अर्चना के साथ संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर लोकार्पण किया।इस अवसर पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि शहर का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता रही है। अपने कार्यकाल में उन्होंने पूरे शहर के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किये हैं। धार्मिक स्थलों के विकास के लिए भी नगर निगम के स्तर से जो भी संभव हुआ उसके लिए काम किये गये। सभी वार्डो में विकास कार्यों को पारदर्शिता और बिना भेदभाव के धरातल पर उतारा गया है।



जनता से किये गये वायदों को पूरा करने के साथ नई योजनाओं को भी धरातल पर उतारा गया है। पांच वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करते हुए नगर निगम को भ्रष्टाचार मुक्त किया है। जनता ने जिन उम्मीदों के साथ उन्हें सेवा का अवसर दिया उन उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी गयी। इस दौरान उपस्थित लोगों ने रामपाल का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वार्ड के पार्षद आयुष तनेजा, बॉबी टुटेजा,नितिन परुथी, चेतन खनिजो, राजकुमार सीकरी, गुलशन बजाज, शिवकुमार ,पवन खनिजो,जसपाल अरोरा ,राजू हुड़िया, राजकुमार गोयल, राजेंद्र हुड़िया, मनोज रघुवंशी, राजेश जग्गा, आशीष हुड़िया, जतिन नागपाल, सुभाष गगनेजा, सोनू अरोरा, रुपेश अरोरा, लक्ष्य भुसरी आदि समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# कमिश्नर से की दंगा पीड़ित पत्रकारों को मुआवजा देने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा हिंसा के दौरान घायल व पीड़ित पत्रकारों को मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर विभिन्न पत्रकार संगठनों की कोर कमेटी के संयोजक राहुल दरम्वाल की अगुवाई में समस्त पदाधिकारियों ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत से मुलाकात करते हुए उनके माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित एक ज्ञापन भेजा। आयुक्त श्री रावत द्वारा सीएम को भेजे गए ज्ञापन में पत्रकारों की कोर कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि बीते आठ फरवरी को बनभूलपुरा क्षेत्र में धार्मिक स्थल ढहाये जाने के दौरान वहां पर पथराव व आगजनी जैसी घटना हो गई थी। घटना को कवरेज करने के लिए पहुंचे स्थानीय



पत्रकारों को भी पथराव व आगजनी जैसी घटनाओं का सामना करना पड़ा। इस दौरान कई पत्रकार घायल हो गए थे और कई पत्रकारों की उपद्रवियों द्वारा गाड़िया व कैमरे तोड़ दिए थे। घटना के बाद घायल पत्रकारों ने विभिन्न अस्पतालों में अपने स्तर पर इलाज कराया। इसका आज तक किसी भी पत्रकार को मुआवजा नहीं दिया गया है। पत्रकारों ने घायल पत्रकारों के इलाज में हुआ खर्च तथा क्षतिग्रस्त (जलाए अथवा चुराए गए) वाहनों का वास्तविक मुआवजा प्रदान करने की भी मांग की है। साथ ही कोर कमेटी ने राज्य सरकार व कुमाऊं आयुक्त से मांग की है कि क्षतिग्रस्त वाहनों के बदले दिए जाने वाले वाहन मुआवजा के बाद नए वाहनों के पंजीकरण में परिवहन विभाग द्वारा लिए जाने वाला शुल्क पीड़ित पत्रकारों को माफ किया जाए। उन्होंने कहा कि इस सदंर्भ में अगर प्रशासन बैठक करता है तो उसमें कोर कमेटी के कुछ पदाधिकारियों को शामिल किया जाए और उनसे भी विचार लिए जाए। ज्ञापन देने वालों में पत्रकार गणेश पाठक, दीपक भंडारी, सुरेश पाठक, जगमोहन रौंतला, राजेश सरकार, संजय रावत, संजय प्रसाद, विनोद कुमार, गुरुमीत सिंह स्वीटी, कुलदीप रौतेला, दया जोशी, चंदन, पवन कुमार, वंदना आर्या, विनोद कांडपाल, पंकज सक्सेना, रक्षित, वीरेन्द्र समेत तमाम पत्रकार मौजूद थे।

# धामी सरकार का बजट विकासोन्मुखी: भट्ट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने उत्तराखंड राज्य के लिए वर्ष 2024-



25 के लिए प्रस्तुत किए गए 89230 करोड़ रुपए के बजट को समग्र समावेशी संतुलित और विकासोन्मुखी बजट बताया। श्री भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी द्वारा उत्तराखंड राज्य के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्ग निर्देशन में चलकर गरीब युवा महिला और किसान को समर्पित करते हुए 89230 करोड रुपए का बजट पेश किया है साथ ही श्री भट्ट ने कहा कि यह बजट उत्तराखंड के चौहमुखी विकास महिला बाल कल्याण और किसानों को समर्पित है गरीब कल्याण, युवा कल्याण,अन्नदाता, नारी शक्ति, को फोकस करते हुए बजट पेश किया है जो कि उत्तराखंड के समावेशी विकास के लिए बेहद विकासोन्मुखी है।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## विकास परक बजट

प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2024-2025 के बजट से प्रदेश का विकास तेजी से बढ़ेगा और सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का और अधिक बेहतर ढ़ंग से लाभार्थियों को लाभ मिल सकेगा। प्रस्तुत बजट से यह साफ प्रतीत हो रहा है कि सरकार ने समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए बजट में व्यवस्थायें की हैं। विशेषकर मातृशक्ति को प्रमुखता दी गई है। सरकार ने बजट में भविष्य के लिए जल एवं पर्यावरण, संरक्षण, गरीबी उन्मूलन, खेल, सड़क , रोडवेज, शिक्षा, नारी सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, जनसंख्या, आवास, औद्यौगिक विकास, पर्यटन, शहरी विकास, ग्राम्य विकास, पवाचार, युवा कल्याण, किसान, पारिस्थितिकी आदि कार्यों के लिए पर्याप्त बजट की व्यवस्था तो की ही है। साथ ही रोजगार सृजन, इकोलोजी व इकोनोमी के विशेष परिप्रेक्ष्य में निवेश के लिए भी कार्य किया है। बजट में सरकार ने देश में देवभूमि राज्य को अग्रणी बनाने के लिए सुदृढ़ अवसंरचना के निर्माण की दिशा में भी कदम बढ़ाये हैं। देश विदेश से आने वाले पर्यटकों को प्रोत्साहित करने के लिए पर्यटन विकास के साथ ही राज्य की संस्कृति संरक्षण को विशेष प्रावधान किया गया है। बजट में लोक सभा चुनाव से पूर्व गरीब, युवा, अन्नदाता व नारी शक्ति के कल्याण के लिए जिस प्रकार से पर्याप्त बजट की व्यवस्था की गई है उससे स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि सरकार लोकसभा चुनाव के लिए बजट के माध्यम से तैयारियों में जुटी हुई है। हांलाकि प्रदेश सरकार ने आगामी पांच वर्ष में राज्य की अर्थव्यवस्था के आकार को दोगुना करने का संकल्प लिया है लेकिन इसके लिए सरकार को काफी कार्य करने की आवश्यकता होगी। सरकार के समक्ष राज्य के पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों के विकास में समानता बनाये रखने की भी कड़ी चुनौती होगी। प्रस्तुत बजट में सरकार ने दोनों ही क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए संतुलन बनाये रखते हुए बजट निर्धारित किया है। प्रदेश में पर्यटकों के लिए नये पर्यटन केन्द्रों को विकसित करने के साथ ही वहां पर पर्याप्त सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। निश्चित रूप से प्रदेश में पर्यटकों की संख्या बढ़ने ने यहां की खूबसूरत वादियों की खुशबू के साथ ही देवभूमि की संस्कृति देश विदेश तक पहुंचेगी। जिससे प्रभावित होकर फिल्म एवं धारावाहिक निर्माता यहां की खूबसूरत वादियों को शूट कर देश विदेश तक पहुंचायेंगे। इससे प्रदेश का राजस्व भी बढ़ेगा। राज्य के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने एवं उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के लिए भी सरकार ने बजट की व्यवस्था की है। हांलाकि सरकार ने प्रदेश के चहुंमुखी विकास तथा कल्याणकारी योजनाओं का लाथ लाथार्थियों तक पहुंचाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है परंतु प्रस्तुत बजट का लाथ लोंगों तक पहुंचे इसके लिए शासन प्रशासन तथा समस्त विभागीय अधिकारियों को प्रतिबद्धता के साथ आपसी तालमेल बनाते हुए कार्य करना होगा। विकास कार्यों के लिए देवभूमि राज्य को केन्द्र सरकार का निरंतर सहयोग मिलता रहा है। किसी भी कार्य के लिए प्रशासनिक व सम्बधित विभागीय अधिकारी की जवाबदेही भी सुनिश्चित करनी होगी। कई बार ऐसा देखने को मिलता है कि विकास कार्य के लिए आवंटित बजट का उपयोग ही नहीं हो पाता है। अधिकारियों की कार्य के प्रति शिथिलता का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। इसके लिए जरूरी है कि जनहित के लिए बनाई गई योजनायें पूर्णतया मानक के अनुरूप समय से पूर्ण हों। सरकारी धन का दुरूपयोग करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई करना आवश्यक हो गया है ताकि बजट का सही स्थान पर सही उपयोग हो सके।

# विकास की पटरी पर दौड़ेगा डबल इंजन

## 13,780 करोड़ से होगा अवस्थाना विकास: सड़कों और राजमार्गों के चौड़ीकरण, सड़कों, पुलों और सुरंगों का होगा कायाकल्प

देहरादून। उत्तराखंड में अवस्थापना विकास के हाईवे पर डबल इंजन पावर दिखेगी। विधानसभा के पटल पर आए बजट के मुताबिक, डबल इंजन की मदद से सरकार राज्य के कई प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों का सुधार करेगी तो



पुलों और सुरंग योजनाओं पर काम शुरू होगा। केंद्र की मोदी सरकार की मदद से सरकार बहुप्रतीक्षित जमरानी बहुउद्देश्यीय परियोजना पर काम शुरू होगा, जिसके लिए बजट में 1730.21 करोड़ रुपये की स्वीकृति हो चुकी है और सरकार ने इसके लिए 710 करोड़ का बजटीय प्रावधान कर दिया है। अवस्थापना विकास में निजी निवेश को प्रोत्साहित कर रही धामी सरकार ने अपने बजट में भी 13,780 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। अगले एक वर्ष में सरकार ने सड़कों और राजमार्गों के चौड़ीकरण की कई योजनाओं पर काम शुरू करने का इरादा जताया है। साथ ही पीने के पानी, सिंचाई और बिजली उत्पादन के लिए जमरानी, सौंग और लखवाड़ परियोजना के लिए बजटीय प्रावधान किए हैं। पैडूल से श्रीनगर तक 42.47 किमी लंबे मार्ग पर एनएचएआई 299.31 करोड़ खर्च करेगी, इसका स्वीकृति हो चुकी है। कौड़ियाला से देवप्रयाग के बीच 10 भूस्खलन क्षेत्रों के उपचार के लिए 192.54 करोड़ खर्च होंगे। रुद्रप्रयाग में बाईपास मार्ग के लिए सुरंग व पुल निर्माण पर 248.52 करोड़ खर्च होंगे। पांवटा साहिब-देहरादून मार्ग 18.70 किमी लंबे फोरलेन अपग्रेडेशन कार्य इस साल तेजी पकड़ेगा। इस वर्ष 553 करोड़ खर्च होंगे। रुद्रपुर बाईपास फोरलेन निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इस पर 1052 करोड़ खर्च होंगे। भानियावाला-जौलीग्रांट-ऋषिकेश तक 19.78 किमी लंबाई में अपग्रेडेशन का कार्य अवार्ड हो गया है। इस कार्य पर 742 करोड़ खर्च होंगे। 14.49 किमी लंबे काशीपुर बाईपास का कार्य भी अवार्ड हो चुका है। इस पर 692 करोड़ खर्च होंगे। 274 करोड़ लागत के रुद्रप्रयाग के लमेरी से चमोली के कर्णप्रयाग तक डबल लेन पेव्ड शोल्डर सहित चौड़ीकरण कार्य शुरू होगा। हरिद्वार में दूधाधारी एलिवेटेड फ्लाइओवर निर्माण का कार्य भी इस साल शुरू हो जाएगा। इस पर 181 करोड़ खर्च होंगे। 710 करोड़ से काठगोदाम से नैनीताल मार्ग डबल लेन होगा। 451 करोड़ से कंगारछीना से अल्मोड़ा मार्ग डबल लेन होगा। 203 करोड़ से कांडा-बागेश्वर मार्ग डबल लेन होगा। 495 करोड़ से काशीपुर-रामनगर मार्ग का फोरलेन चौड़ीकरण। 349 करोड़ से उडियारी बैंड से कांडा मार्ग तक डबल लेन। 692 करोड़ कोटद्वार बाइपास का निर्माण। 453 करोड़ से गुमखाल-सतपुली तक डबल लेन पेव्ड शोल्डर चौड़ीकरण। 129 करोड़ से ऋषिकेश-बदरीनाथ मार्ग पर 63 भूस्खलन क्षेत्रों का उपचार। 454 करोड़ से खरसोनक्यारी-नौगावं तक डबल लेन। 193 करोड़ से धरासू-यमुनोत्री मार्ग पर 15 भूस्खलन क्षेत्रों का उपचार। 375 करोड़ से ऋषिकेश-गंगोत्री मार्ग पर 30 भूस्खलन स्थलों का उपचार। 101 करोड़ से रुद्रप्रयाग-केदारनाथ मार्ग पर छह स्थानों का उपचार। 48 करोड़ से रुद्रप्रयाग में पुरानी सुरंग का पुनर्विकास व चोपता मार्ग का विकास। सात करोड़ से श्यामपुर रेलवे फाटक के पास बेली ब्रिज के साथ फोरलेन। पांच करोड़ से बागेश्वर में सरयू व गोमती नदी पर पुलों का सुधारीकरण होगा। सौंग व लखवाड़ परियोजनाओं के लिए बजट की व्यवस्था। सौंग बांध परियोजना के लिए सरकार ने 300 करोड़ का प्रावधान किया है। लखवाड़ परियोजना के लिए 250 करोड़ खर्च होंगे।

# कांग्रेस नेता मिंटू गुम्बर ने थामा भाजपा का दामन

गदरपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस नेता मिंटू गुंबर ने पार्टी से त्यागपत्र दे दिया है वह पिछले लंबे समय से कांग्रेस के अंदर घुटन महसूस कर रहे थे। लोकसभा चुनाव से पहले गदरपुर में कांग्रेसी नेता पूर्व सभासद मिंटू गुंबर ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर देहरादून में पार्टी कार्यालय में प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में मनोज कुमार गुंबर ने भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने मीडिया से कहा कि उत्तराखंड राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार सबका साथ सबका विकास में विश्वास करती है। हमारी पार्टी राज्य के लोगों के साथ मजबूती के साथ



खड़ी है। हमारी सरकार लगातार लोगों के कल्याण को प्राथमिकता देती आई है। लोकसभा चुनाव से पहले इन दिनों भारतीय जनता पार्टी में कांग्रेस और दूसरे दलों से आने वाले नेताओं की कतार लगी हुई है कई जिलों से दूसरे नेता भी भाजपा में ज्वाइन करने के लिए कतार में लगे हुए हैं इसी कड़ी में गदरपुर से कांग्रेस के नेता और लंबे समय से कांग्रेस के लिए काम कर रहे मिंटू ने भाजपा को ज्वाइन किया है मनोज कुमार ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड में विकास की गंगा को आगे बढ़ा रहे हैं जिनसे प्रभावित होकर वह भाजपा को ज्वाइन कर रहे हैं।

# निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि बर्दाश्त नहीं : नवनीत पांडे

चंपावत(उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडे ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, पारदर्शी ढंग से सकुशल सम्पन्न कराने जाने हेतु जिला कार्यालय सभागार में नोडल अधिकारियों एवम निर्वाचन से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान विस्तृत दिशा निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने हेतु विभिन्न कार्यों एवं व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने हेतु विभिन्न नोडल अधिकारी बनाए गए हैं, जो निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को पूर्ण लगन एवं निष्ठा से निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन में किसी भी प्रकार की त्रुटि क्षम्य में नहीं होती है इसलिए अधिकारियों को जो भी दायित्व दिए जाते हैं बिना किसी विलंब के त्रुटि रहित निर्वाचन प्रक्रिया को निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार सम्पन्न करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट बूथो में जाकर प्रत्येक बूथ में आवश्यक



न्यूनतम सुविधा जिसमें पेयजल, विद्युत व्यवस्था, रैंप, फर्नीचर व सेड की व्यवस्था आदि सुनिश्चित करा लें यदि किसी भी बूथ में कोई कमी शेष है, तो एक सप्ताह के भीतर उसे ठीक करा लें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित कर लें कि उनके विभाग में तैनात सभी कार्मिकों की सूची जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करा दी गई है। इस संबंध में उन्होंने जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में सभी विभागों, संस्थाओं के अधिकारियों कर्मचारियों की सूची डाटा फीडिंग हो जाए साथ ही निर्वाचन सॉफ्टवेयर के अनुसार कार्मिकों की तैनाती कराये जाने हेतु भी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जाय। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में स्थित सभी विभागों के लगभग 4 हजार कार्मिकों की डाटा फीडिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। निर्वाचन के दौरान पोलिंग पार्टियों के निर्वाचन कार्यो के सुगम आवागमन हेतु एक सप्ताह के भीतर रूट प्लान तैयार करने के साथ ही सभी रुएआरओ/ रुएसडीएम को रुएआरटीओ तथा सड़क निर्माण विभाग के साथ जिले में नई सड़क मार्ग जो आरटीए से स्वीकृत नहीं है उनका निरीक्षण कर उन्हें स्वीकृत कराये जाने हेतु कार्रवाई के निर्देश दिए। स्वीप गतिविधियों के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम सभा स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाए। जिन गांवों में विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्रामीणों द्वारा मतदान का बहिष्कार किए जाने की सूचना प्राप्त हो रही है, संबंधित एसडीएम/एआरओ, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट वहां शिविर लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के साथ ही उन्हें आश्वस्त करते हुए निर्वाचन में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी ईवीएम को दोनों विधानसभाओं के विभिन्न स्थानों में मोबाइल टीम बनाकर मतदाताओं को मतदान का प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन हेतु जो भी निर्वाचन सामग्री की आवश्यकता है संबंधित नोडल अधिकारी अभी से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सामग्री को समय से क्रय कर लें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए की निर्वाचन हेतु आवश्यक मेडिकल किट भी तैयार कर लिए जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान वीडियोग्राफी कार्यों,वेबकास्टिंग आदि कार्यों की तैयारी के साथ ही, चुनाव के दौरान जो भी स्वीकृति या अनुमति दी जाती है उस हेतु भी एकल खिड़की व्यवस्था अंतर्गत अनुमति की तैयारी कर ली जाए। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, अपर जिलाधिकारी हेमंत कुमार वर्मा, वरिष्ठ कोषाधिकारी सीमा बंगवाल, उप जिलाधिकारी सदर सौरभ असवाल, लोहाघाट रिंकु बिष्ट, टनकपुर आकाश जोशी सहित निर्वाचन में लगे नोडल अधिकारी व अन्य उपस्थित रहे।

# उद्यमिता विकास कार्यक्रम में नवाचार पर हुई चर्चा

किच्छा(उद संवाददाता)।राजकीय महाविद्यालय में 26 फरवरी से 11 मार्च तक आयोजित 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत देवभूमि उद्यमिता योजना अंतर्गत उद्यमिता पर केंद्रित स्टार्टअप कैंप तथा ईडीपी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। देवभूमि उद्यमिता योजना भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, ईडीआईआई के सहयोग से चलाई जा रही है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय साठ विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण कराया है। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ0 राजीव रतन ने कहा कि प्रशिक्षण काल की मेहनत ही जिंदगी में आत्मविश्वास का संचार करती है। समय की मॉग है उत्तराखंड के युवा उद्यमिता को अपने करियर के रुप में अपनाएँ। उद्यमिता क्षेत्र के नवाचारी नियमों को जानें और उन्हें बेहिचक प्रयोग में लाएँ। ज्ञान ही व्यक्ति को निर्भय बनाता है। उद्यमी एक निर्भय और कर्मयोगी होता है । कार्यक्रम की रिसोर्स पर्सन देवभूमि उद्यमिता संस्थान देहरादून की वरिष्ठ उद्यमिता सलाहकार श्रीमती किरन जोशी ने कहा कि पहले से उपस्थित विधियों और दृष्टियों को जानकर ही उसमें नयेपन को शामिल करना ही इन्वोशन या नवाचार है। व्यक्ति के विकास के लिए उसका नवाचारी होना बहुत मायने रखता है। उद्यमिता की सारी प्रक्रिया में नयी दृष्टि अनिवार्य रुप से मौजूद रहती है। हम मौजूद स्थिति पर बार बार विचार करके, पीयर ग्रुप से निरंतर संवाद करके, अध्ययन से नवाचारी व्यवहार को प्राप्त कर सकते हैं। विद्यार्थी को क्रिटिकल थींकिग में नवाचारी ही होना होता है। यदि किसी सवाल पर सभी विद्यार्थी एक जैसा ही सोचते हैं तो उत्तर तो होगा पर नवाचारी उत्तर नहीं होगा। नवाचार हर बार सफल ही हो ऐसा नहीं है। विफलता से मुक्त व्यक्ति ही नवाचारी होता है। ऐसा निर्भय और क्रियाषील व्यक्ति ही उद्यमी बन सकता है। कार्यक्रम के तीसरे सत्र में विषय विशेषज्ञ कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के शोधार्थी उदित जोशी ने कहा स्थानीय आर्थिक विकास के लिए हार्डिकल्चर महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है जिसमें रोजगार एवं उद्यमिता की बहुत संभावनाएं हैं। कार्यक्रम का संचालन देवभूमि उद्यमिता



योजना के महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ0 प्रकाशचंद भट्ट ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 उमराव सिंह द्वारा किया गया। शिविर में डॉ0 नरेश कुमार, डॉ0 हर्षिता तिवारी, डॉ0 किरनबाला, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्री कपिल कुमार, लवली पांडेय, गौतम कुमार गंगवार, के साथ जया, अर्चना, नीतू, पायल, प्रिया, इमरान अंसारी, सबा, सुहेल, जुनैद, महेंद्र प्रताप समेत 47 छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

# सिक्स सिग्मा में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सिक्स सिग्मा संस्थान में दो दिवसीय खेल 'स्पर्धा-2024' का आयोजन किया गया। सभी खेलों में छात्र-छात्राओं का उत्साह चरम उत्कर्ष पर देखा गया। कार्यक्रम में वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी,100 तथा 200 मीटर रेस, डिस्क थ्रो, क्रिकेट, शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, लॉन्ग जंप, शॉट पुट, योगा आदि खेलों का आयोजन किया गया। पहले दिन का खेल क्वालीफायर राउंड हुआ। जिसमे प्रत्येक खेल से सेमीफाइनल तथा फाइनल के लिए टीमें चुनी गई तथा दूसरे दिन सभी खेलों का चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें खो -खो बालक एवं बालिका मे फार्मेसी ने जीत हासिल की एवं क्रिकेट में प्रथम स्थान फार्मेसी टीम ने प्राप्त की, वहीं कबड्डी में प्रोडक्शन एंड ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष और तृतीय वर्ष के छात्रों ने विजय प्राप्त की, वॉलीबाल में पॉलिटेक्निक के प्रथम वर्ष के छात्रों ने जीत हासिल की।100 तथा 200 मीटर बालक वर्ग रेस में विक्की (जी.एन.एम) बालिका वर्ग में मेहविश (फार्मेसी) ने जीत हासिल की, जैवलिन थ्रो बालक वर्ग में पोहर जमतिया (फार्मेसी) विक्की (जी.एन.एम) सुहेल अंसारी (फार्मेसी) तथा बालिका वर्ग में सपना, कोमल,अंशिका (फार्मेसी) एवं डिस्कस थ्रो बालक वर्ग में प्रवास (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) मनीष मेहता और गौतम पाल (फार्मेसी) से बालिका वर्ग में मेहविश,बबली और शबनम (फार्मेसी) ने जीत हासिल की। कैरम में पोहर और स्नेहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, शतरंज में स्नेह और सूरज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, बैडमिंटन में लक्ष्मी ग्रोवर और अभिषेक बैरागी (जी.एन.एम) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शॉटपुट में महविश और



पवन मंडल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्लो साइकलिंग में वसीम और आकांक्षा गंगवार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, लॉन्ग जंप में पोहर और बबली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। योगा कंपटीशन में नितिन सिंह और महविश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि निहारिका तोमर ने छात्र-छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि खेल को जीतना ही नहीं अपितु चाह रखना ही सब कुछ है जो मानसिक और शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है उन्होंने किसी भी टॉपर छात्र के साथ साथ एक अच्छे व्यक्तित्व के व्यक्ति की रचना में खेल कूद की अहम् भूमिका को उजागर किया। मैनेजमेंट सदस्य वंश डावर ने बताया कि खेल भी अच्छा शिक्षक है जो अनुशासन तथा जीतने का जज्बा सिखाता है। मुख्य अतिथि एस.पी मनोज कत्याल ने छात्रों को जीत की शुभकामनायों के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।सम्पूर्ण कार्यक्रम का देवांग राय, अंकित, महविश, अनुभव बठला, संतोष कुमार चंदन राणा तथा अभिषेक कुमार के निर्देशन मे किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्पोर्ट्स कमेटी के सदस्य चंदन राणा ने निर्णायक की भूमिका निभाई तथा ललित भट्ट, नित्यानंद बिश्वास, संतोष कुमार, साहिल छाबड़ा, मुकेश कुमार, अमित प्रकाश, कार्तिक हालदार, रोहित सिंह पडियार, दीपिका देउपा, राजा बाबू मौर्य ने अपना सहयोग दिया तथा प्राथमिक उपचार के लिए गिरीश गुरु रानी एवं सीमा सरकार ने योगदान दिया। कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन राजेश डाबर, वाईस चेयरमेन प्रीत ग्रोवर, प्रबंधन निदेशक सी.ए. शिव अरोरा, निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा, मैनेजमेंट सदस्य वंश डावर, शौर्य अरोरा, ज्योति ग्रोवर तथा मुख्य अतिथि आई.पी.एस. निहारिका तोमर, एस.पी. मनोज कत्याल, कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, कॉलेज ऑफ फार्मेसी प्राचार्य डॉ. विजय सिंह, सी. ए. ओ. अनुभव बाठला, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन, खेल कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार , चन्दन सिंह , राजा बाबू एवं अभिषेक कुमार मौजूद रहे ।

## नैतिक शिक्षा से ही होगा बच्चों का सर्वांगीण विकास: देवेंद्र सिंह

सितारगंज (उद संवाददाता)।नेता जी सरस्वती शिशु मंदिर रतनफार्म नम्बर 3 में वार्षिकोत्सव का आयोजन माँ सरस्वती के चित्र सम्मुख मुख्य अतिथि देवेंद्र सिंह कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ



उद्योगपति शिवकुमार मित्तल ने दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का मन मोहा,नाट्य कला के माध्यम से बच्चों ने समाज को सन्देश दिया की बेटियां समाज में बराबर की सहयोगी हैँ और बेटियों से ही परिवार का वंश आगे बढ़ता है और सभी रिश्तेदारी भी जुड़ती है।मुख्य अतिथि देवेंद्र सिंह ने कहा कि प्रतिभा और शिक्षा किसी की मोहताज नहीं है ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में शिक्षा और स्पोर्ट्स की अपार क्षमता है, देश की सेवा और सुरक्षा में भी ग्रामीण अंचल के लोगों ने हमेशा बढ़चढ़ कर अपना योगदान दिया है,और भारत की संस्कृति की पहचान ही गांव की पारंपरिक बोली और वेशभूषा है,इन बच्चों में ही भारत के उज्जवल भविष्य निर्माता हैँ। शिवकुमार मित्तल ने बच्चों को सन्देश दिया कि मन से पढ़ाई कर अपना भविष्य सुनिश्चित करें और समाज में अपना योगदान दें।मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय को हाईटेक शौचालय देने कि घोषणा की गई। विद्यालय अध्यक्ष शीतल सिंघल व प्रबंधक महेश मित्तल ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन प्रकाश डिक्टिया ने किया।कार्यक्रम में संभाग निरीक्षक मंगतराम लोस्टा,सह प्रदेश निरीक्षक ईश्वरी दत्त जोशी, प्रधानाचार्य निताई मण्डल, कोषाध्यक्ष विपिन डालमिया, उपाध्यक्ष शरद जायसवाल, सोप्रीत भाटिआ,सुखवीर सिंह बेदी,हरप्रीत सिंह,बलजीत सिंह, गुरविंदर सिंह,रितेश पांडेय, सिद्धार्थ विश्नोई,गिरीश फुलेरिया, वीरेन्द सिंह बिष्ट,भगवान पांडेय व विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का कार्यबहिष्कार जारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ती, सहायिका, मिनी कर्मचारी संगठन जिला इकाई के बैनर तले भारी आंगन बाड़ी कार्यकर्ताओं गांधी पार्क में आज भी अपना धरना प्रदर्शन जारी रखा। धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते वक्ताओं ने कहा कि अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पिछले काफी समय से आन्दोलित हैं। उन्होंने कहा 18 हजार रुपए प्रतिमाह दिया जाये, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को सेवानिवृत होने पर 2 लाख रुपए देने का प्रावधान रखा जाये जिससे वह अपनी बची जिन्दगी अच्छी तरह व्यतीत कर सकें। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को गोल्डन कार्ड जारी किया जाए जिससे वह भी सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त सके। मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों का उच्चीकरण करने के लिए शासनादेश शीघ्र जारी किया जाए। उन्होंने कहा जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं होगा वह अपना आन्दोलन जारी रखेंगें। इस दौरान जिला अध्यक्ष मनप्रीत कौर, जिला महामंत्री रंजीता अरोरा निशा, रेहाना , मुनीजा, तबस्सुम, संध्या सक्सेना, नीलम, राखी, रेखा, पार्वती, शकुंतला, रचना, दयावती, अंचलेश, लक्ष्मी, सुमन, कंचन चौहान, खुशबू कन्नौजिया, सुषमा सैनी, सुनीता, रेखा, रेनू, सीमा, विमला, शांति, इशरत जहां, सरोज, हेमलता, उर्मिला पाल, गीता, सुरेखा, शिव कुमारी, कमला, जावित्री, रीता, सविता, शिल्पी,



शिवानी, माधुरी, हीरा बोस, नीरू, हंसा लोहनी, उर्मिला मिश्रा, हंसा लोहनी, आरती कुंवर, शर्मिला, आशा, बबली विश्वास, सीमा पाल, हिना, आशा सरकार, सुषमा, बसंती, बबिता मंडल, कमलजीत कौर, सरोज, मीनाक्षी, नूरजहां, रूकमणी, नीरू रंगीला, मीरा बोस, सीता रानी, नेहा कालड़ा,सुरेश देवी, सरिता बोरा, प्रेमलता, पुष्पा शुक्ला, कमलेश पटवाल, प्रतिभा, कुसुम यादव, सुमन, ज्योति, रियाज बानो, मंजीत सहित कई आंगनवाड़ी कार्यकर्ती मौजूद थीं।

## पेज एक का शेष...

**हिमांचल में सरकार...** किया। सदन शुरू होते ही संसदीय कार्य मंत्री हर्षवध न सिंह चौहान की ओर से प्रस्ताव लाया गया कि पिछले कल भाजपा के कुछ विध ायकों ने विधानसभा स्पीकर के कमरे में जाकर धक्कामुकी की है। इनका यह कृत्य असंसदीय है, जिससे विधानसभा की गरिमा को ठेस पहुंची है। इस हालत में सदन को चलाना संभव नहीं है। इस प्रस्ताव का भाजपा विधायकों ने जबरदस्त विरोध किया और दोनों ओर से नारेबाजी शुरू हो गई। इसी शोर शराबे के बीच भाजपा विधायकों जयराम ठाकुर, विपिन सिंह परमार, रणधीर शर्मा, लोकेंद्र कुमार, विनोद कुमार, हंसराज, जनक राज, बलबीर वर्मा, त्रिलोक जमवाल, सुरेंद्र शौरी, दीपराज, पूर्ण चंद, इंद्र सिंह गांधी, दलीप ठाकुर और रणवीर सिंह को सदन से निष्कासित करने का प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। इसके विरोध में भाजपा के विधायक सदन में बैठकर धरना देने लगे। उन्हें उठाने के लिए मार्शल भेजने पड़े। झगड़ा बढ़ता देख विधानसभा अध्यक्ष ने सदन को 12 बजे तक स्थगित कर दिया। इस बीच विधानसभा से निष्कासित विधायक धरने पर बैठ गए उन्हें जबरदस्ती हटाने का प्रयास किया गया तो कुछ विधायकों की तबीयत बिगड़ गई है। जिस पर मौके पर डाक्टरों को बुलाना पड़ा।

**खिलाड़ियों को सरकारी..**जारी किसी शासनादेश के तहत उत्तराखंड में स्थायी अधिवास का प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो, वह इस दायरे में आएगा। विध ेयक में स्पष्ट किया गया है कि ओलंपिक खेल में पदक विजेता अथवा हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी को लेवल 10 या उससे निम्न पदों पर आरक्षण दिया जाएगा। विश्वकप, विश्व चौंपियनशिप अथवा एशियन खेल के पद विजेता या हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी को लेवल आठ अथवा उससे निम्न लेवल के पदों पर आरक्षण मिलेगा। राष्ट्रमंडल खेल अथवा एशियन चैंपियनशिप में पदक विजेता अथवा हिस्सा लेने वालों को लेवल सात या उससे निम्न पदों पर आरक्षण दिया जाएगा। राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप व अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय खेल में पदक विजेता अथवा भाग लेन वालों को लेवल छह या उससे निम्न पदों पर आरक्षण मिलेगा। राष्ट्रीय खेल,मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल संघों द्वारा आयोजित चैंपियनशिप, अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेल या खेलो इंडिया यूथ गेम्स के पदक विजेताओं को लेवल पांच अथवा उनसे न्यून पदों पर आरक्षण दिया जाएगा। इससे पूर्व सदन में आज बजट पर चर्चा की गयी।

**स्टडी वीजा के नाम पर...**साथ उसके घर पर आया था। उसने बताया कि उसने बहुत से लोगों को स्टडी व वर्क वीजा पर विदेश भेजा है तथा उसने उसकी पुत्री को भी कुल 18-20 लाख में स्टडी चीजा पर विदेश भेजने का आश्वासन दिया। उसके झांसे में आकर उसे एक लाख रुपये 16 नवंबर.2021 को नकद दे दिये। उसने आश्वासन दिया कि यह शीघ्र ही पुत्री को स्टबी वीजा पर कनाडा भिजवा देगा तथा उसने पुत्री के शिक्षा संबंधी दस्तावेज व पासपर्ट की छायाप्रतियां ले ली। दो माह बाद उसने वीजा फाइलिंग हेतु और पैसों की मांग की। जिस पर उसने 1 फरवरी .2022 को उसके खाते में कुल पिचानब्बे हजार रूपये ट्रांसफर किये गये। धनराशि प्राप्त करने के पश्चात उक्त व्यक्ति उसकी पुत्री को शीघ्र विदेश भेजने का आश्वासन देता रहा। लेकिन उसने कोई प्रूफ प्रार्थी को नहीं दिखाये। इत्स दौरान वह और पैसों की मांग बराबर करता रहा। जब रिश्तेदारों के माध्यम से उक्त व्यक्ति से कार्य न होने की स्थिति में पैसे वापसी की मांग की तो उसने उसके खाते में 1. जून.2023 को दस हजार रुपये व 18 जुलाई 2023 को पांच हजार रूपये कुल पन्द्रह हजार रूपये बापस कियेऔर कहा कि वह पुत्री को कनाडा नहीं भेज सकता है तथा शीघ्र ही बकाया पैसे शीघ्र वापस करने का आश्वास दिया। लेकिन इतना समय व्यतीत होने के उपरान्त भी आज दिन तक उसने बकाया पैसे वापस नहीं किये। मागने पर उक्त व्यक्ति उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। सुच्चा सिंह का आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने उसके साथ विश्वासघात करके ध ेखाधडी कर एक लाख अस्सी हजार रूपये हड़प लिये हैं।

**चिकित्सक से ऑलाईन...**द्वारा आत्महत्या कर ली गयी है जिसकी मैं जाँच कर रहा हूं। आप अपना बैंक से डिटेल लेकर यूपीआई आईडी बताओ। उसके द्वारा इस प्रकार बात करने पर शक हुआ तो उन्होंने अपने खाते चौक किये तो उनका यूपीआई आईडी बदला हुआ था तथा बैंक स्टेटमेन्ट चौक करने पर ज्ञात हुआ 23 नवंबर 2023 को 4999 रूपये, 24 नवंबर 2023 10 रुपये, 26 नवंबर 2023 को 99999 रुपये तथा 27 नवंबर 2023 को 99999 रुपये कुल 2,05,007 रुपये उनके बैंक खाते से ऑनलाईन धोखाधड़ी कर निकाल लिये गये। जबकि उपरोक्त धनराशि निकलने का उनके मोबाइल नम्बर पर कोई मैसेज नहीं आया। उपरोक्त व्यक्ति द्वारा कम्प्यूटर संसाधनों का प्रयोग कर फर्जी ब्लू डर्ट कोरियर के कस्टूमर केयर बनकर ऑनलाईन धोखाधड़ी की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**नशे के इंजेक्शनों की...**पुलिस का यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने नशे के कारोबार में लिफ्ट लोगों से नशे का कारोबार छोड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि नशे के कारोबार में लिप्त लोगों द्वारा अपने कार्य नहीं छोड़े गए तो पुलिस का सख्त अभियान जारी रहेगा।

**चाकुओं के साथ..**नाम कुमाऊं कॉलोनी कचनाल गाजी निवासी कमल पुत्र सुरेश तथा दूसरे ने मलखान सैनी पुत्र रूप सिंह सैनी निवासी उपरोक्त बताया। तलाशी में दोनों के कब्जे से पुलिस को एक-एक चाकू बरामद हुआ। आवश्यक पूछताछ के बाद पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों का शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

## रूद्रपुर की कनिका बनी सीएस

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर की होनहार बेटी कनिका कुमार ने आईसीएसआई की फाईनल परीक्षा उत्तीर्ण कर शहर और माता पिता का नाम रोशन किया है। सीएस बनी कनिका कुमार वार्ड नं. 34 इंदिरा कालोनी निवासी बाबा भक्त शिव कुमार एवं



शिवानी की पुत्री है। बचपन से ही मेधावी रही कनिका ने अपनी सफलता का श्रेय श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के अलावा दादी, माता-पिता एवं गुरूजनों को दिया है। कनिका ने कहा कि भाई विपुल कुमार एवं विधायक सीए शिव अरोरा ने भी उनका मार्गदर्शन किया था जिसकी बदौलत ही वह लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब हो पाई। कनिका के सीएस बनने के बाद उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। महंत राजेन्द्र अग्रवाल, विधायक शिव अरोरा, अधिवक्ता गौरव अग्रवाल, पत्रकार अजय अनेजा, जगदीश चन्द्र समेत तमाम लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## 60 पाउच कच्ची शराब समेत तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाएं अभियान के क्रम में आईटीआई पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के एक और तस्कर को दबोचकर तलाशी में उसके पास से 60 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार ग्राम मुकुंदपुर थाना आईटीआई निवासी जसवंत सिंह पुत्र दयाल सिंह को संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए शक के आधार पर दबोचकर तलाशी में उसके कब्जे से 60 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद किया।

## सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां

रामनगर(उद संवाददाता)।पूरे प्रदेश में अपनी मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां सरकार के खिलाफ कार्य बहिष्कार पर हैं। इसी के तहत रामनगर में भी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां



पूरी मेहनत के साथ अपने काम को अंजाम दे रही है तो वही सरकार उनका मानदेय ना बढ़ाकर उनका शोषण कर रही है। उन्होंने सरकार से मानदेय बढ़ाने के साथ ही मिनी आंगनवाड़ी केंद्रों का विस्तार करने ,सेवानिवृत होने पर सम्मान राशि देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि लगातार वह अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से सरकार को जगाने का काम कर रही है लेकिन सरकार उनकी मांगों को अनसुना कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वह बीएलओ कार्य का भी बहिष्कार करेगी जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# प्रशिक्षण का लाभ लाभार्थियों तक पहुंचाएं चिकित्सा कर्मी: पंकज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत परिवार नियोजन हेतु छ: दिवसीय कुमायूं मंडल स्तरीय प्रशिक्षण गत दिवस शुरू किया गया। प्रशिक्षण में कुमाऊं मंडल के फैमिली प्लानिंग काउंसलरो, स्टाफ नर्स तथा एएनएम द्वारा प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रशिक्षण का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। उन्होंने कहा कि प्रतिभागी दिए जा रहे प्रशिक्षण को आत्मसात करें तथा इसके पश्चात् अपने अपने क्षेत्रों में जाकर लाभार्थियों को जागरूक करें। उन्होंने टीकाकरण पर विशेष बल देने को कहा।प्रशिक्षण में उपस्थित मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने परिवार नियोजन की आवश्यकता के विषय में बताते हुए कहा कि इससे बढती जनसँख्या पर लगाम लगाई जा




सकती है। उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक स्वाथ्य विभाग की योजनाओं का लाभ अवश्य पंहुचना चाहिए।अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश आर्य ने शिशु एवं मातृ स्वास्थ्य पर विशेष जोर देते हुए शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने की बात कही। प्रशिक्षण में डॉ. सिद्धार्थ पाटनी, डॉ. अभिलाषा पांडे, डॉ. दर्शना गैरा तथा डॉ. आजाद द्वारा परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया एवं प्रशिक्षण के महत्वपूर्ण बिंदुओ। के बारे में प्रशिक्षित किया गया। प्रदीप महर ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# बलियानाले का किया निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने सिंचाई विभाग द्वारा भू-स्खलन प्रभावित क्षेत्र बलियानाले पर लगभग 170 करोड़ से अधिक की लागत से निर्माणाधीन फ्रेजाइल स्लॉप ट्रीटमेंट के विकास कार्यों का ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दीपक रावत ने मुख्य अभियंता, हल्द्वानी संजय शुक्ला से बलिया नाले पर होने वाले विकास कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कुमाऊं आयुक्त ने सिंचाई विभाग द्वारा बनाए गए बार चार्ट का भी अध्ययन किया और उनके द्वारा स्टेप वाई स्टेप की जाने वाली एक्टिविटी की भी जानकारी ली। जिसके क्रम में मुख्य अभियंता, हल्द्वानी ने बताया कि उनके द्वारा अप्रोच, ड्रिलिंग, नाली ड्रेनेज, हाइड्रोकिडिंग आदि के कार्य किए जाएंगे। कुमाऊं आयुक्त ने बताया कि पिछले कई वर्षों से वर्षाकाल के दौरान इस क्षेत्र में भूस्खलन, जल स्रोतों की अलग-अलग धाराओं के कारण हो रहा था जिसे एक धारा के रूप में परिवर्तित कर भूस्खलन को रोका जायेगा। उन्होंने कहा यह कार्य सिचाई विभाग की निगरानी में किया जा रहा है और नैनीताल के भौगोलिक परिस्थितियों के हिसाब से बलियानाले के किनारे दो पहाड़ों को पिरोकर ड्रेनेज सिस्टम तैयार कर भूस्खलन को रोका जायेगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार सम्भावनायें हैं भविष्य में पर्यटन के विकास के दृष्टिगत कार्य किया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी



खतरा बना हुआ है जो लगातार भूस्खलन के चलते खिसक रहे हैं। भूस्खलन की रोकथाम, स्थिरीकरण के लिए सेल्फ ड्रिलिंग एंकरिंग के माध्यम से उपचारात्मक कार्य भी किया जाएगा। इस क्षेत्र में स्लोप काफी ज्यादा है उसे कम किया जायेगा साथ ही धारायें काफी निकलती है, जिनको एक सूत्र में शिव चरण दिवेदी, उपजिलाधिकारी सदर, नैनीताल प्रमोद कुमार, अधिशासी अधिकारी सिंचाई खंड नैनीताल अनिल वर्मा, मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी, नगर पालिका परिषद नैनीताल सहायक अधिशासी अधिकारी पूजा आर्या सहित वन विभाग और राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।

# अराजक तत्वों के खिलाफ होगी कड़ी कार्यवाही : कुसुम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राज्य महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कण्डपाल ने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है यहां सभी धर्मा के जिन लोगों ने अपराध किया है उनके विरूद्व कठोर कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। श्रीमती कण्डवाल ने कहा कि अपराधी, अपराधी होता है महिला पुलिस कार्मिकों से कहा कि महिलाओं ने अपनी ड्यूटी को बखूबी से निभाया। उन्होंने कहा महिला पुलिस कार्मिक परिवार की महिला आयोग सदैव आपकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा, उपजिलाधिकारी पारितोष





आवाम आपसी भाईचारे के साथ रहते हैं।उन्हांने कहा कि कुछ अराजकतत्वों के कारण इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। उन्होंने कहा कि अपराधी का कोई धर्म नही होता है। उन्होंने कहा कि देवभूमि को बदनाम करने वालों को कभी माफ नही किया जायेगा। उन्होंने घटना में घायल जिम्मेदारियों को सभालते हुये आमजनता की परेशानिंयो को दूर करने में जुटी हई है। उन्हांने महिला पुलिस से कहा कि उत्तराखण्ड वर्मा,सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, सीओ संगीता, तहसीलदार सचिन कुमार के साथ ही महिला पुलिस एवं नगर निगम के कार्मिक उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की टोली सेवा को अयोध्या धाम रवाना

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी, कुमाऊँ सम्भाग कार्यालय से अयोध्या के लिए एक टोली राम मन्दिर अयोध्या में सेवा देने के लिए प्रस्थान किया। जो अयोध्या में अपनी अपनी सेवाए देगे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी सम्भाग कार्यालय हल्द्वानी में जिले और नगर के पदाधिकारी द्वारा फूल माला एवं पटका पहनाकर सभी अयोध्या जाने वाले बन्धुओं का भव्य स्वागत किया गया। महिला मोर्चा की बहनो द्वारा सभी लोगो को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। भुवन भट्ट के नेतृत्व में जो लोग अयोध्या के लिए रवाना हुए उनमें मुकेश रघुवंशी, विनोद जायसवाल, विष्णु सक्सेना, चन्दन बिष्ट, प्रदीप मावड़ी, पूरन पंचोली, चंदन मनराल, पारस चन्द्र बेलवाल, चंदन सिंह शामिल हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, महामंत्री नवीन भट्ट, प्रताप रैक्वाल, किशोर जोशी, श्रीमती राशि जैन, श्रीमती गुंजन, श्रीमती चित्रा सुयाल, संतोष जायसवाल, पंकज अधिकारी, विपुल साह आदि लोग मौजूद रहे।

# गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब प्रबंधक कमेटी की बैठक कल

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नानकमत्ता साहिब की बैठक 29 फरवरी को गुरुद्वारा कार्यालय में आयोजित की गई है,यह जानकारी देते हुए गुरुद्वारा कमेटी के महासचिव अमरजीत सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा साहिब के विकास कार्य को लेकर एक बैठक 29 फरवरी को आयोजित की गई है, जिसमें कमेटी के सभी डायरेक्टर को आमंत्रित किया गया है, बैठक में गुरुद्वारा प्रवंधक कमेटी से जुड़े कार्य को लेकर चर्चा कर विभिन्न प्रस्ताव पर करने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया है, कमेटी के महासचिव अमरजीत सिंह ने बताया कि सभी डायरेक्टर को सूचना दी गई है, उन्होंने सभी डायरेक्टर से समय से बैठक में शामिल होने की अपील की है।




